# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-07-2022

# अपहरण और दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

कैम्पियरगंज (एसएनबी)। किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को स्थानीय पुलिस ने रविवार दोपहर में करमैनी वाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपित जनकपुर टोला करतहरी निवासी पहाड़ी उर्फ रामभजन के खिलाफ अपहरण व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही थी। पुलिस ने सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# अपहृत किशोरी बरामद, आरोपित गिरफ्तार

रकहट (एसएनवी)। गगहा पुलिस ने रविवार सुवह हाटा वाजार से अपहृत किशोरी को वरामद कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। किशोरी चार दिन पूर्व घर से लापता हो गई थी। 30 जून को परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर दूसरे समुदाय के युवक पर वहलाफुसला कर वेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए रविवार सुवह उनको हाटा वाजार से दवोच लिया। दोनों कही जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को वरामद कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया।

# हत्याभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। हत्या व मारपीट के आरोप में वांछित अभियुक्त मल्लू उर्फ राहुल साहनी पुत्र केदार साहनी निवासी मिर्जापुर शिवपुर कालोनी थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर को रविवार को गीडा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 147,148,149, 323, 324, 341, 302 भादवि के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# एसएसपी ने बेनीगंज चौकी के जीर्णोद्धार का किया उद्घाटन




बेनीगंज चौकी के जीर्णोद्धार का उद्घाटन करते एसएसपी डॉ. विपिन ताडा। फोटो : एसएनबी

गोरखपुर (एसएनबी)। सहारनपुर के लिए स्थानांतरित जिले के एसएसपी डा. विपिन टाडा ने रविवार को कोतवाली क्षेत्र की जीर्णोद्धार व सुन्दरीकृत चौकी वेनीगंज का फीता काटकर उद्घाटन किया।

उद्घाटन के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई, क्षेत्राधिकारी कोतवाली, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, चौकी प्रभारी वेनीगंज, अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण तथा क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एसएसपी डॉ. विपिन ताडा को दी विदाई

**GORAKHPUR (3 July):** एसएसपी डॉ. विपिन ताडा को रविवार को पुलिस लाइन सभागार में एक प्रोग्राम में सहारनपुर जाने से पूर्व विदाई दी गई.

10 माह 24 दिन के कार्यकाल में ही डॉ. विपिन ताडा जनता के बीच लोकप्रिय हो गए थे. विदाई समारोह में एसडीएम सदर कुलदीप मीना, एसपी सिटी कृष्ण बिश्नोई, एएसपी लाइन राहुल भाटी, एसपी ट्रैफिक डॉ. महेंद्र पाल सिंह, एसपी दक्षिणी अरुण कुमार सिंह, एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी, एसपी अपराध इंदु प्रभा सिंह, एसपी गोरखनाथ मंदिर सुरक्षा लाल भरत, सीओ कैंट श्यामदेव, सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह, सीओ कोतवाली विमल कुमार सिंह, सीओ खजनी अनिल कुमार सिंह, सीओ कैम्पियरगंज-चौरीचौरा अजय कुमार सिंह, सीओ गोला जगत राम कनौजिया, सीओ बांसगांव अंजनी पांडेय, सीओ एलआईयू राहुल, सीओ यातायात जय प्रताप सिंह पंकज आदि रहे.

# सौंदर्यीकरण का इनॉगरेशन

**GORAKHPUR (3 July):** पुलिस चौकी बेनीगंज थाना कोतवाली गोरखपुर के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण का इनॉगरेनशन एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने रविवार को किया.

इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी कोतवाली, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, चौकी प्रभारी बेनीगंज व अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण मौजूद रहे. एसएसपी गोरखपुर के निर्देशानुसार रविवार को जिले के सभी थानों और कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाकर थाना कार्यालय, बैरक, थाना परिसर, प्रशासनिक भवन, मेस,परिसर एवं विशेषकर खाली पड़े स्थानों पर बेतरतीब उगी हुई घास को काटा गया व गंदगी की साफ सफाई की गई.



डॉ. गौरव ग्रोवर बने गोरखपुर के नए एसएसपी, आज संभाल सकते हैं कार्यभार

# कप्तान साहब! गोरखपुर में खेलनी है चैलेंजिंग पारी

**i SPECIAL**

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (3 July): मथुरा के एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर को गोरखपुर की कप्तानी मिली है. सीएम सिटी में कप्तानी का दायित्व संभालना इतना आसान भी नहीं है. यहां की सबसे बड़ी परेशानी थाना पुलिस को डिसिप्लिन का पाठ पढ़ाना और खाकी को दागदार होने से बचाना भी है. इन प्रमुख चुनौतियों से पार पाकर ही डॉ. ग्रोवर गोरखपुर में यादगार कप्तानी कर पाएंगे. चुनौती यहीं खत्म नहीं होती यहां थाने पर इंसाफ नहीं मिलता है, जनता दर्शन में भीड़ देखकर सीएम भी बार-बार नाराजगी जता चुके हैं. लचर पुलिसिंग के डैमेज कंट्रोल करने से पहले ही डॉ. विपिन ताडा का तबादला हो गया.



**"जनता दर्शन में बार-बार एक ही फरियादी पहुंचने से सीएम अप्रसन्न हैं. 7 जुलाई को गूगल मीट पर असंतुष्ट फरियादियों के साथ ही सीओ और एसएचओ को जोड़ा जाएगा. इससे ये पता चलेगा कि कहां कमी रह जा रही है, जिससे फरियादी असंतुष्ट रह रहे हैं.**

**अखिल कुमार,** एडीजी जोन



नए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर.

## पब्लिक का भरोसा जीतना प्राथमिकता

नए एसएसपी के लिए सबसे पहली चुनौती यह होगी कि वे फरियादियों का भरोसा जीतें कि पुलिस उनकी सुनवाई प्राथमिकता से कर रही है. थाने में आने वाले फरियादियों को अच्छा व्यवहार करना होगा. जनता दर्शन, एडीजी, डीआईजी और एसएसपी ऑफिस में कम से कम फरियादी जाएं. इसके लिए थानों में ही केसों को निपटाने की प्राथमिकता देनी होगी. कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए कम्युनिटी पुलिस पर जोर देना होगा और मुखबिर तंत्र को मजबूत करना होगा.

## वे मामले, जिनसे खाकी हुई दागदार

**01**

27 सितंबर को रामगढ़ताल स्थित होटल कृष्णा पैलेस में कानपुर के रियल एस्टेट कारोबारी मनीष गुप्ता की बेरहमी से पीटकर हत्या कर दी गई. इस मामले में आरोपित रामगढ़ताल थाने के इंस्पेक्टर जेएन सिंह, दरोगा अक्षय मिश्रा, दरोगा राहुल दुबे, दरोगा विजय यादव, मुख्य आरक्षी कमलेश यादव और कांस्टेबल प्रशांत कुमार को पहले सस्पेंड किया गया. बाद में अरेस्ट कर जेल भेज दिया गया. मनीष हत्या कांड से गोरखपुर पुलिस की खूब आलोचना हुई.

**02**

खोराबार में दुकानदार को पुलिस कर्मियों से कोल्डड्रिंक के पैसे मांगना भारी पड़ गया. दूसरे दिन चार पुलिसकर्मी दुकानदार के पास आए और तलाशी के नाम पर पीटकर लहूलुहान कर दिया. मामला तूल पकड़ने पर एसएसपी ने दरोगा राधेश्याम सेहरा, सिपाही धीरज यादव, अजय नादिर और एक अन्य को सस्पेंड कर खाकी की साख बचाई.

**03**

पिपराइच में पुलिस कर्मियों ने मारपीट के मामले में पीड़ितों से 23 हजार रुपए मांगे. पुलिस कर्मियों ने पैसा ना देने पर जिंदगी बर्बाद कर देने की धमकी भी दी. मामला कप्तान के पास पहुंचा तो दोषी इंस्पेक्शन उमाशंकर कुशवाहा व दरोगा अतुल कुमार सिंह को सस्पेंड कर खाकी की साख बचाई.

**04**

एसएसपी ऑफिस में 200 से फरियादी देख एसएसपी भी भड़क गए थे. नाराज एसएसपी ने सभी फरियादियों की शिकायत वाले थानों के पुलिस कर्मियों को बुलाकर शिकायतकर्ता के सामने उनकी पेशी की. पहली बार ऐसा हुआ था, कप्तान ने इस दौरान गलती मिलने पर कई थानों के पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई कर सस्पेंड भी किया.

# नाबालिग आरोपी को जेल भेजा

**GAGHA:** चार दिन पहले नाबालिग घर से भाग गए थे. लड़की के पिता ने गगहा पुलिस को तीस जून को प्रार्थनापत्र दिया था. गगहा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी थी. रविवार सुबह 10 :30 बजे हाटा बाजार से अरेस्ट कर लिया. पुलिस ने लड़की को परिजन को सौंप कर लड़के को जेल भेज दिया.

# अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

कैम्पियरगंज (गोरखपुर)। कैम्पियरगंज पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को रविवार दोपहर में करमैनी बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपित जनकपुर टोला करतहरी निवासी पहाड़ी उर्फ रामभजन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही थी।

# लापता किशोरी थाने पहुंची, आरोपित गिरफ्तार

खोराबार (गोरखपुर)। खोराबार क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बगल गांव का युवक तीन माह पूर्व रिश्तेदारी में से बहला फुसला कर भगा ले गया था। युवक किशोरी को साथ लेकर रविवार की शाम को थाने पहुंचा। पुलिस किशोरी को बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुट गई है। 14 वर्षीय किशोरी कक्षा छह की छात्रा है। 27 अप्रैल को देवरिया जिले के रुद्रपुर अपने रिश्तेदार के घर गई थी। बगल गांव का युवक वहां से उसे भगा ले गया।

# अपहृत किशोरी बरामद आरोपित गिरफ्तार

गगहा (गोरखपुर)। गगहा पुलिस ने रविवार सुबह हाटा बाजार से अपहृत किशोरी को बरामद कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया।

किशोरी चार दिन पूर्व घर से लापता हो गई थी। 30 जून को परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर दूसरे समुदाय के युवक पर बहला-फुसला कर बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए रविवार सुबह उनको हाटा बाजार से दबोच लिया। दोनों कही जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया।

# जेडी व एसपीओ पर आरोपों की जांच कमिश्नर करेंगे

- रुपये मांगने का वीडियो हुआ था वायरल
- कैंट पुलिस ने दोनों पर दर्ज किया केस

गोरखपुर, निज संवाददाता। गैंगस्टर की कार्रवाई रोकने के लिए रुपये लेने के आरोपी जेडी (संयुक्त निदेशक अभियोजन) अशोक वर्मा और एसपीओ (वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी) रणविजय पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप की जांच अब कमिश्नर गोरखपुर करेंगे। शासन ने मामले की जांच उन्हें सौंपते हुए एक माह के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है।

वाराणसी के अपर निदेशक अभियोजन की जांच में रुपये लेकर गैंगस्टर की फाइल लौटाने के आरोप की पुष्टि हो चुकी है। कैंट थाने में दोनों अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज है, जिसकी जांच सीओ कैंट कर रहे हैं। रामगढ़ताल क्षेत्र के कजाकपुर निवासी दीपक यादव ने 14 जून की रात कैंट थाने में प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कराया था। दीपक का आरोप है कि उसके भाई की हत्या करने वाले आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए पुलिस ने रिपोर्ट भेजी थी। लेकिन आरोपितों के प्रभाव में दोनों अधिकारियों ने आपत्ति लगाते हुए फाइल लौटा दी। वह बात करने गया तो गैंगस्टर की कार्रवाई अनुमति देने के लिए रुपये मांगने लगे। दोनों अधिकारियों के रुपये लेने का वीडियो उसके पास मौजूद है। 12 जून को इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होने और कैंट थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद शासन ने दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया था।




तबादले के बाद एसएसपी डॉ. विपिन ताडा को विदाई देते विभाग के लोग।

# एसएसपी को दी गई विदाई

गोरखपुर। पुलिस महकमे में शनिवार को चले तबादला एक्सप्रेस में गोरखपुर के एसएसपी रहे डा. विपिन ताडा को सहारनपुर जिले की कमान मिली है। रविवार की शाम पुलिस लाइन में जिले के पुलिस अधिकारियों ने एसएसपी को विदाई दी। मथुरा में तैनात रहे गौरव ग्रोवर को शासन ने गोरखपुर का नया एसएसपी बनाया है। नए एसएसपी के सोमवार को यहां पहुंचने की संभावना है।

# बदमाशों को सिम बेचने के आरोप में उठाया

चौरीचौरा। सीएचसी चौरीचौरा के पास एक कंपनी का सिम बेचने वाले युवक को रविवार देर शाम एसओजी टीम ने उठा लिया। युवक की मां ने चौरीचौरा थाने पर तहरीर दी है। उसने सीएचसी चौरीचौरा के सामने बेटे के अपहरण की बात कही है। वही प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि युवक ने अपराधियों को सिम बेचा है। पूछताछ के लिए एसओजी टीम ले गई है।


# एसएसपी को दी गई विदाई आज आएंगे नए कप्तान

**जासं, गोरखपुर** : पुलिस महकमे में शनिवार को चले तबादला एक्सप्रेस में गोरखपुर के एसएसपी रहे डा.विपिन ताडा को सहारनपुर जिले की कमान मिली है। रविवार की शाम पुलिस लाइन में उन्हें विदाई दी। नए एसएसपी के सोमवार को यहां पहुंचने की खबर है।

मथुरा में तैनात रहे गौरव ग्रोवर को शासन ने गोरखपुर का नया एसएसपी बनाया है। पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी नार्थ मनोज अवस्थी, एसपी साउथ अरुण सिंह, एसपी यातायात डा.एमपी सिंह, एसपी क्राइम इंदुप्रभा सिंह, सीओ कैंट श्यामदेव व जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

**बेनीगंज चौकी के जीर्णोद्धार का किया उद्घाटन**: **गोरखपुर** : बेनीगंज चौकी के जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण का उद्घाटन एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने रविवार को फीता काटकर किया।

# आधुनिक होगी महिला हेल्प डेस्क आधी आबादी को मिलेगी राहत




कार्यदायी संस्था द्वारा हेल्प डेस्क के लिए तैयार किया गया नक्शा • जागरण

**जासं, गोरखपुर** : शाहपुर थाने में स्थापित महिला हेल्प को आधुनिक किया जाएगा। महिला हेल्पडेस्क भवन को वाई-फाई से लैस किया जाएगा, ताकि महिला फरियादी भी उसका लाभ ले सकें। थाने में पिंक टायलेट की भी व्यवस्था की जाएगी।

प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया कि सांसद निधि से बनने वाली महिला हेल्प डेस्क का निर्माण 22 गुणे 16 वर्ग मीटर में किया जाएगा।

कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट इंजीनियर वसीम अंसारी रविवार को थाना परिसर में भूमि पैमाइश कर चुके हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि यह भवन पूर्ण वातानुकूलित होगा।

# लापता किशोरी थाने पहुंची आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : खोराबार क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को युवक तीन माह पहले भगा ले गया था। स्वजन ने युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार की दोपहर में युवक किशोरी को लेकर थाने पहुंचा। किशोरी को बरामद कर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# शहर के 21 चौराहों पर खाली होगा बायां मोड़

- बाएं तरफ गाड़ी खड़ी होने से लग जाता है जाम
- डिवाइडर लगने के बाद मनमानी करने पर कटेगा चालान

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बायां मोड़ खाली न होने की वजह से चौराहों पर जाम लग रहा है। कंट्रोल रूम से लगातार सूचना प्रसारित होने के बाद भी वाहन चालक बायां मोड़ जाम कर देते हैं। यह स्थिति शहर के हर चौराहों पर बनी हुई है। इससे निजात पाने के लिए एसपी सिटी ने प्लान तैयार किया है। शहर के 21 चौराहों पर बाएं तरफ जाने के लिए प्लास्टिक के डिवाइडर लगाकर बायां मोड़ खाली कराया जाएगा।



कृष्ण कुमार विश्नोई एसपी • जागरण

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने शहर के प्रमुख चौराहो पर लगने वाले जाम की समीक्षा की जिसमें यह बात सामने आयी कि बायां मोड़ खाली न होने के कारण जाम की स्थिति बन रही है। जिस वाहन चालक को दाएं की तरफ मुड़ना है वह भी जल्दी निकलने के प्रयास में अपना वाहन बाएं मोड़ पर खड़ा कर देता है, जिसकी वजह से बाएं तरफ मुड़ने वाले वाहन आगे नहीं बढ़ पाते और पीछे लंबी कतार लग जाती है।

एसपी सिटी ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों से बातचीत कर गोलघर, असुरन, छात्रसंघ, मोहद्दीपुर, रुस्तमपुर, टीपीनगर व नौसढ़ चौराहा समेत 21 स्थानों पर प्लास्टिक का डिवाइडर लगाकर बायां मोड़ खाली कराया जाएगा। इसके बाद भी जो चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# कमिश्नर करेंगे जेडी व एसपीओ के भ्रष्टाचार मामले की जांच

**फालोअप**

**जासं, गोरखपुर :** रुपये लेकर गैंगस्टर की कार्रवाई रोकने वाले प्रभारी जेडी (संयुक्त निदेशक अभियोजन) और एसपीओ (वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी) पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप की जांच अब कमिश्नर गोरखपुर करेंगे। शासन ने मामले की जांच उन्हें सौंपते हुए एक माह के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है। वाराणसी के अपर निदेशक अभियोजन की जांच में रुपये लेकर गैंगस्टर की फाइल लौटाने के आरोप की पुष्टि हो चुकी है। कैंट थाने में दोनों अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज है, जिसकी जांच सीओ कैंट कर रहे हैं।

रामगढ़ताल के कजाकपुर निवासी दीपक यादव ने 14 जून की रात में कैंट थाने में प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक वर्मा व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी रणविजय के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कराया था। दीपक का आरोप है कि उसके भाई की हत्या करने वाले आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए पुलिस ने रिपोर्ट भेजी थी। आरोपितों के प्रभाव में दोनों अधिकारियों ने आपत्ति लगाते हुए फाइल लौटा दी। वह बात करने गया तो गैंगस्टर की कार्रवाई अनुमति देने के लिए रुपये मांगने लगे। दोनों अधिकारियों के रुपये लेने का वीडियो उसके पास मौजूद है। 12 जून को इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो और कैंट थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद शासन ने दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया था। अब कमिश्नर की जांच रिपोर्ट के आधार पर दोनों अधिकारियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई होगी।

**मुकदमा वादी को मिली है सुरक्षा :** प्रभारी जेडी व एसपीओ पर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कराने वाले दीपक यादव को जिला प्रशासन ने सुरक्षा मुहैया कराई है। उन्होंने ने हत्यारोपितों पर समझौता का दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया था।

# शिकायत के निस्तारण में लापरवाही पर तत्कालीन गगहा थानेदार-दरोगा निलंबित

अमर उजाला ब्यूरो

## एसएसपी ने निलंबन के साथ विभागीय जांच बैठाई

गोरखपुर। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत के निस्तारण में घोर लापरवाही और शिथिलता बरतने पर एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने तत्कालीन गगहा थानेदार संजय कुमार सिंह और दरोगा संतोष कुमार सिंह को निलंबित कर दिया।

निलंबन के साथ उनके खिलाफ विभागीय जांच की भी संस्तुति की है। चार दिन पहले ही संजय कुमार सिंह को गगहा थानेदार से हटा दिया गया था।

मिली जानकारी के अनुसार गगहा क्षेत्र के पाण्डेयपार में विवाद को लेकर एक पक्ष के लोगों ने मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए 11 जून को आईजीआरएस पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज की। विभागीय जांच में पाया गया कि आईजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत के निस्तारण में तत्कालीन थानेदार संजय कुमार सिंह और गजपुर चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह की ओर से घोर लापरवाही, शिथिलता एवं उदासीनता बरती गई। विभागीय जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से दोनों को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय जांच की संस्तुति कर दी। संजय कुमार सिंह को चार दिन पहले ही एसएसपी ने गगहा थानेदार से हटा दिया था। उनके स्थान पर विनोद अग्निहोत्री को थानेदार बनाया गया है।

# किशोरी को भगाने का नाबालिग आरोपी पकड़ा

गगहा (गोरखपुर)। गगहा थाना क्षेत्र से गायब नाबालिग को बरामद कर लिया गया। इस मामले में नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि दूसरे समुदाय की किशोरी को बहला-फुसला कर भगाया गया था। अपहरण का केस पहले से दर्ज है। जानकारी के मुताबिक, किशोरी के पिता ने गगहा पुलिस को तहरीर दी थी। आरोप था कि बड़हलगंज थाना क्षेत्र के किशोर ने बहला-फुसलाकर 30 जून को बेटी को भगा ले गया। पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह हाटा बाजार से नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया गया। ब्यूरो

# शाहपुर थाने में बनेगी महिला हेल्प डेस्क

गोरखपुर। शाहपुर थाने में सांसद निधि से महिला हेल्प डेस्क बनेगी। पिंक टायलेट का निर्माण भी कराया जाएगा।

इसकी सहमति शहर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद रवि किशन शुक्ला ने दे दी है। जल्द ही महिला हेल्प डेस्क व पिंक टायलेट का निर्माण कार्य शुरू होगा। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-07-2022

राष्ट्रीय सहारा दि०-5-7-22

# जनशिकायतों का करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : डीआईजी

देवरिया (एसएनबी)। गोरखपुर परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक जे रविन्दर गौड़ ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से लंबित विवेचनाओं का निस्तारण शीघ्र करें।

पुलिस उप महानिरीक्षक रविवार को पुलिस लाइन के मनोरंजन गृह में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी गण, समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष, प्रभारी जनशिकायत प्रकोष्ठ, प्रभारी मानीटरिंग सेल, प्रभारी अपराध शाखा, प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र के साथ आयोजित गोष्ठी में मातहतों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के निर्माण, भण्डारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाएं। चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम हेतु रात्रि गश्त व क्षेत्र में भ्रमण करें। लंबित जनशिकायत एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक भावना भड़काने वालों व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करें। छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लें। सोशल मीडिया पर निगरानी रखें। शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैंगस्टर आदि की कार्यवाई करें।



मातहतों को निर्देश देते पुलिस उप महानिरीक्षक। फोटो : एसएनबी

उन्होंने कहा कि समस्त थाना प्रभारी सहित यातायात प्रभारी सड़क दुर्घटनाओं को रोकें। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करें। अतिक्रमण हटवाएं। बालिकाओं एवं महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्यवाई करें। एंटी रोमियो टीम द्वारा अभियान को निरंतर जारी रखें। वाहन चेकिंग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करें। साथ ही साथ आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को बढ़ाने हेतु पैदल गश्त को और अधिक प्रभावी करें। उन्होंने कहा कि न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों की सतत् पैरवी करते हुए अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाएं। परिवार परामर्श केन्द्र में आने वाले प्रकरणों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें।

इसके पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक का देवरिया पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात पुलिस उप महानिरीक्षक ने सुसज्जित गार्ड की सलामी ली। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर प्रेमनारायण तिवारी, क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी देवानन्द, क्षेत्राधिकारी बरहज [illegible], क्षेत्राधिकारी कार्यालय विनय कुमार यादव, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि०-4-7-22

# गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

तरकुलवा। तरकुलवा पुलिस ने रविवार को गैंगेस्टर एक्ट के एक इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि बिहार प्रांत के बिजयी पुर थानाक्षेत्र के ग्राम सुमौती गांव निवासी जितेंद्र राम (35वर्ष)पुत्र शुभ नारायण के खिलाफ धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट का वांछित था। जिस पर कोतवाली थाने में इनाम घोषित किया गया था। मुखबीर की सूचना पर एसएचओ जगन्नाथ सिंह के नेतृत्व में एसआई कमलेश कुमार, कन्स्टेबल सदरूद्दीन अंसारी, सूर्यनाथ विश्वकर्मा, आदर्श तिवारी और रामाशीष यादव की टीम ने रविवार को 4:15 बजे के करीब थानाक्षेत्र के पथरदेवा कस्बे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# हत्या के मुकदमे के दो वांछित चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

राष्ट्रीय सहारा दि० 4-7-22

भाटपाररानी(एसएनबी)। खामपार पुलिस ने हत्या के वांछित अपराधी



विन्देश कुशवाहा पुत्र मदन कुशवाहा निवासी परसौनी रघुनाथ , थाना खामपार व पंकज यादव पुत्र विजय यादव निवासी बासुदेवपुर उर्फ गोबरहीं थाना खामपार को चोरी के ग्लैमर मोटरसायकिल व दोनों वांक्षितों के पास से 315 बोर के तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ भवानी छापर के समीप से दौड़ाकर दबोच लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खामपार थाना में दर्ज मुकदमा संख्या 120/2022 धारा 302,120 बी, 34 के वांक्षित अभियुक्त थे। जिनकी तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही थी कि मुखबीर की सूचना पर पुलिस के हत्थे चढ़ गये। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेजने की तैयारी में पुलिस जुटी थी। पुलिस के अनुसार इन दोनो के अलावा थानाक्षेत्र के कडसरवा गांव निवासी सुजीत शाह पुत्र श्यामबहादुर शाह व बनकटा थाना क्षेत्र के रतसिया कोठी निवासी लालबाबू यादव पुत्र अशोक यादव भी उक्त मुकदमें में वांछित है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वृजेश कुमार मिश्र, सुभाष सिंह, अरविन्द कुशवाहा, अजय कुमार प्रथम, सौरभ सिंह, भारतेन्दू राय, जितेन्द्र कुमार सुनील कुमार शामिल रहें।

हिन्दुस्तान दि०-5-7-22

# प्रेम प्रसंग में बाधक बनने पर हुई थी मजदूर की हत्या !

देवरिया, निसं। महुआडीह थाना क्षेत्र के चिउरहा गांव के समीप 28 जुलाई को एक मजदूर का शव मिला था। बताया जा रहा है कि प्रेम-प्रसंग में बाधक बरने पर मजदूर की गला काट कर हत्या कर शव को फेंका गया था। महुआडीह पुलिस और एसओजी चौरीचौरा थाना और महुआडीह से पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस हत्याकांड का जल्द खुलासा कर सकती है।

कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के करंज गांव के श्रीकांत प्रसाद (51) मजदूरी का काम करते थे। 27 जून की शाम धान की रोपाई करके वह साइकिल से रामपुर गौनरिया चौराहा पर बाजार करने गए थे। अगले दिन सुबह उनका शव महुआडीह थाना क्षेत्र के चिउरहा-खास गांव के मुर्गी फार्म के पास मिला। मजदूर का गलाकाट कर हत्या किया गया था। हत्याकांड के खुलासे के लिए महुआडीह पुलिस और एसओजी को लगाया गया था। पुलिस हत्या कांड में अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस आने वाले दिनों में हत्याकांड का खुलासा कर सकती है।

हिन्दुस्तान दि०-4-7-22

# डेढ़ लाख की शराब संग तस्कर गिरफ्तार

बनकटा, हिन्दुस्तान संवाद। बनकटा थाना क्षेत्र के रामपुर प्रतापपुर चेक पोस्ट से पुलिस ने रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से करीब डेढ़ लाख रुपए का शराब बरामद किया। मौके से एक तस्कर को भी पुलिस ने दबोच लिया है।

थानाध्यक्ष दिलीप सिंह के अनुसार रविवार को पुलिस रामपुर प्रतापपुर चेक पोस्ट पर वाहन जांच कर रही थी इसी बीच बिहार की ओर जा रही सफेद रंग की सेंट्रो कार को रोक कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान सेन्ट्रो कार से 750 एमएल की 214 शीशी हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्कर की पहचान दीपक राठौर पुत्र सत्यपाल राठौर निवासी.ठीट मिल्कपुर थाना पालम बिहार जनपद गुडगांव हरियाणा के रूप में हुआ है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष बनकटा दिलीप सिंह ने बताया है कि कार में शराब लाद कर बिहार जा रहा एक तस्कर गिरफ्तार है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह, कां0 देवेन्द्र आजाद, कां0 गोनेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि० ५-७-२२

# वायरल वीडियो देवरिया का नहीं

देवरिया, निज संवाददाता। पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें कुछ पुलिस वाले कुछ लोगों को हिरासत में लेकर बेदर्दी से पीटते नजर आ रहे थे।

इस वीडियो को देवरिया सदर के विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने 11 जून को अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किया था। पुलिस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर और उनकी पत्नी डॉ नूतन ठाकुर ने थाने के अन्दर अत्यंत निर्मम एवं बर्बरतापूर्ण पिटाई के संबंध में राज्य सरकार से शिकायत की थी। मामले की जांच देवरिया सदर के क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी ने की। उनकी जांच में पाया गया कि यह वीडियो देवरिया का न होकर किसी अन्य जनपद का है। अब अमिताभ ठाकुर और नूतन ठाकुर ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेजी है। दोनों ने बताया कि मानवाधिकार आयोग ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने कहा कि जांच रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंप दी गई है। जिस वीडियो को लेकर शिकायत की गई थी वह वीडियो देवरिया का नहीं है।

हिन्दुस्तान दि० 5-7-22

# फरार कंपनी के तीन कर्मी पुलिस की हिरासत में

- दर्जनों महिलाओं के रुपय लेकर हुई है फरार
- महिलाओं ने कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की

देवरिया, निज संवाददाता। दर्जनों महिलाओं का लाखों रुपये लेकर भागने वाली कंपनी के तीन कर्मचरियों को सदर कोतवाली पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने महिलाओं के बयान के आधार पर तीनों से पूछताछ कर रही है।

आजमगढ़ की एक कंपनी ने शहर के लक्ष्मीनारायण मंदिर के समीप अपना कार्यालय खोला था। जिसमें शहर के कुछ युवकों को कार्य पर रखा था। जिसमें जिले के अलग अलग स्थानों की रहने वाली महिलाएं जुड़ी थी। जिसमें महिलाओं ने अपने रिश्तेदार और शुभ चिंतकों को तीन-तीन हजार रुपये का रजिस्ट्रेशन कराया था। 5 नवम्बर 2021 को कंपनी का ताला बंद कर एमडी फरार हो गया। महिलाओं ने शनिवार को सदर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने रविवार की सुबह कंपनी के एमडी समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रविवार को कोतवाली में पीड़ित महिलाओं का बयान पुलिस ने दर्ज किया।

हिन्दुस्तान दि०-५-०७-२२

# थानों में लम्बित विवेचनाओं पर बिफरे डीआईजी

देवरिया, निज संवाददाता। गोरखपुर परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक जे. रविन्दर गौड ने रविवार को पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में जिले के पुलिस अधिकारियों और थानेदारों के साथ क्राइम मीटिंग किया। लम्बित विवेचनाओं की लंबी फेहरिश्त देख डीआईजी बिफर पड़े। उन्होंने जल्द से जल्द विवेचना पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बड़े अपराधियों के मामले में मॉनिटरिंग सेल पैरवी कर सजा दिलाए।



रविवार को पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में मातहतों के साथ बैठक करते हुए डीआईजी जे. रविन्दर गौड।

पुलिस उप महानिरीक्षक ने अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी व लूट की घटनाओं को रोकने के लिए रात्री में गश्त तेज करने का निर्देश दिया। साम्प्रदायिक भावना भड़काने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने व छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लेने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए थानेदारों को सख्त निर्देश दिया। शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैंगेस्टर की कार्रवाई का निर्देश दिया। थानों में लम्बित विवेचनाओं को अपराध शाखा द्वारा और विवेचकों द्वारा पूरा कराए। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व अतिक्रमण हटवाने के सम्बन्ध में समस्त थाना प्रभारी सहित यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया। बालिकाओं एवं महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही करने, एंटी रोमियो टीम द्वारा अभियान को निरंतर जारी रखने, वाहन चेकिंग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करें। आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को बढ़ाने हेतु पैदल गश्त को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर जोर दिया गया।

न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों की सतत् पैरवी करते हुये अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने तथा परिवार परामर्श केन्द्र में आने वाले प्रकरणों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरते और उनकी समस्या का समाधान करें।

हिन्दुस्तान दि०-५-७-२२

# एसपी के साथ पुलिस ने किया शहर में पैदल मार्च

देवरिया, निज संवाददाता। एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने सदर कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग मार्गों पर रविवार की शाम पैदल मार्च किया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर व क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी रविवार की शाम को शहर के सड़कों पर निकले।

अधिकारियों के पीछे सदर कोतवाली की पुलिस चल रही थी। पुलिस टीम ने सुभाष चौक, मालवीय रोड, सर्राफा मार्केट, रेलवे स्टेशन रोड, गोरखपुर रोड, अबूबकर नगर में पैदल मार्च किया। रास्ते में खड़े संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन की अवैध पार्किंग एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को हटवाया गया एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों में भ्रमण करते हुए वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों, युवाओं, दुकानदारों से मुलाकात कर वार्ता की गयी।

अधिकारियों ने आमजनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील किया।

हिन्दुस्तान दि० 4-07-22

# 10 हजार का इनामी हुआ गिरफ्तार

तरकुलवा। पुलिस ने रविवार को गैंगेस्टर एक्ट के दस हजार रुपये के एक इनामिया को गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दिया कि गैंगेस्टर का फरार इनामी पथरदेवा में है। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए उसको दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम जितेन्द्र राम निवासी सुमौती थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज बिहार बताया। युवक के विरुद्ध यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।

हिन्दुस्तान दि०-5-7-22

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो वांछित अभियुक्त

भाटपाररानी। खामपार पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के भवानी छापर के निकट से हत्या के केस में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी की एक बाइक व दो तमंचा बरामद हुआ है।

थानाध्यक्ष खामपार बृजेश कुमार मिश्र के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भवानी छापर के जिन्न बाबा स्थान के पास से रविवार को हत्या के मुकदमा में वांछित चल रहे खामपार थाना क्षेत्र के परसौनी रघुनाथ निवासी बिंदेश कुशवाहा पुत्र मदन कुशवाहा व इसी थाना क्षेत्र के वासुदेव उर्फ गोबरही निवासी पंकज यादव पुत्र विजय यादव को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल व 315 बोर तथा 312 बोर का एक एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है।

हिन्दुस्तान दि०-4-07-22

मामले में जेल भेजे जाने के आधार पर शासन ने की कार्रवाई

# छेड़खानी में हटाए गए प्राचार्य को किया सस्पेंड

- उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर के कार्यालय से किए गए सम्बद्ध
- शासन ने संयुक्त निदेशक (उच्च शिक्षा निदेशालय) को सौंपी जांच

देवरिया, निज संवाददाता। छेड़खानी प्रकरण में हटाए गए प्राचार्य को शासन ने निलंबित कर दिया है। इस मामले में प्राचार्य के जेल भेजे जाने के आधार पर शासन ने यह कार्रवाई की है। मामले के जांच की जिम्मेदारी उच्च शिक्षा निदेशालय के संयुक्त शिक्षा निदेशक को सौंपी गई है।

जिले के एक महाविद्यालय की छात्राओं ने प्राचार्य पर अभद्रता व छेड़खानी का आरोप लगाया था। यही नहीं इस मामले में एक वीडियो भी वायरल हुआ था। मामला सामने आने के बाद आठ मई को उच्च शिक्षा निदेशक के निर्देश पर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य को हटाकर महाविद्यालय की एक शिक्षिका को प्राचार्य का प्रशासनिक कार्यभार सौंप दिया। नए प्राचार्य ने उसी शाम सदर कोतवाली में हटाए गए प्राचार्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया। तब पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हटाए गए प्राचार्य को गिरफ्तार कर लिया।

इस मामले को अब शासन ने संज्ञान लेकर हटाए गए प्राचार्य और शारीरिक शिक्षा के असिस्टेंट प्रोफेसर राजेश भारती को निलंबित कर उन्हें क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी गोरखपुर के कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया है। इस मामले की जांच उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में संयुक्त निदेशक डॉ. केसी वर्मा को सौंपी है।

## जांच को गठित हुई थी तीन सदस्यीय समिति

छेड़खानी प्रकरण का मामला संज्ञान में आने के बाद उच्च शिक्षा निदेशक ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर इस प्रकरण की जांच सौंप दी। समिति के सदस्यों ने 17 मई को महाविद्यालय में पहुंचकर छात्राओं, शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के बयान लिए। इसकी रिपोर्ट उच्च शिक्षा निदेशक को सौंप दिया। वहीं जिलाधिकारी ने भी मामले में एक मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता समिति गठित कर अपने स्तर से जांच कराई थी।

**कॉलेज के सात कर्मचारियों का हो चुका है स्थानांतरण:** छात्राओं से प्राचार्य द्वारा अभद्रता मामले में महाविद्यालय के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के सात कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्य महाविद्यालयों में कर दिया गया गया है। इसमें एक कर्मचारी को करीब के महाविद्यालय में भेजा गया है। वहीं एक कर्मचारी को गौतबुद्ध नगर तो दो कर्मचारियों को बलरामपुर जिले के अलग-अलग महाविद्यालयों में भेजा गया है।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के मामले में उदारता बरतते हुए सभी को जिले के अंदर अन्य महाविद्यालयों में भेजा गया है। इसमें से दो कर्मचारी एक ही महाविद्यालय में और एक कर्मचारी को दूसरे महाविद्यालय में भेजा गया है। इसमें तीन कर्मचारियों की सेवा दो साल से कम बची है।

**महाविद्यालय के चार शिक्षकों का भी हो चुका है तबादला:** तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के बाद कालेज के चार शिक्षकों का तबादला कर दिया गया है। इसमें हटाए गए और अब निलंबित प्राचार्य पर केस दर्ज कराने वाली प्रभारी प्राचार्य भी शामिल हैं।

प्रभारी प्राचार्य का स्थानांतरण बलराम जिले में पचपेड़वा के एक महाविद्यालय में कर दिया गया है। वहीं हटाए गए प्राचार्य के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की शिकायत को लेकर मुखर रहे एक शिक्षक को महाराजगंज के एक महाविद्यालय में भेजा गया है। एक अन्य शिक्षक को चंदौली जिले में भेज दिया गया है। चौथे शिक्षक को फतेहपुर जिले में भेज दिया गया है।

दैनिक जागरण दि० -5-7-22

# दस हजार का इनामी गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, तरकुलवा: दस हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर को तरकुलवा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद बदमाश को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सदर कोतवाली में पड़ोसी प्रांत बिहार के गोपालगंज जनपद के विजयीपुर थाना क्षेत्र के सुमौती का रहने वाला जितेंद्र राम के विरुद्ध गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज था। इसकी विवेचना तरकुलवा पुलिस कर रही थी। गैंगस्टर की गिरफ्तारी न होने के चलते उसके ऊपर दस हजार रुपये के इनाम भी घोषित कर दिया गया। मुखबिर की सूचना पर तरकुलवा पुलिस ने पथरदेवा से गैंगस्टर जितेंद्र राम को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह ने बताया कि गैंगस्टर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## बलिस्टर हत्याकांड के दो आरोपित गिरफ्तार, भेजे गए जेल

जासं, भाटपाररानी : बलिस्टर हत्याकांड में फरार चल रहे दो बदमाशों को खामपार पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उनके पास से चोरी की बाइक, कट्टा, कारतूस भी बरामद किया है। पूछताछ के बाद दोनों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों जेल भेज दिए गए। नेटुआबीर चौराहे स्थित अपने दुकान पर ततायर बुजुर्ग के सेमरौना के रहने वाल बलिस्टर यादव 11 जून को निर्माण कार्य करा रहे थे। इस बीच बदमाशों ने उनकी हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस पहले ही दो बदमाशों को जेल भेज चुकी है। फरार चल रहा परसौना रघुनाथपुर का रहने वाला विनोद कुशवाहा व गोबरही का पंकज यादव को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भवानी छापर के समीप से गिरफ्तार कर लिया। खामपार थानाध्यक्ष बृजेश मिश्रा ने बताया कि दो बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

दैनिक जागरण दि० 5-7-22

# बिहार भेजी जा रही शराब बरामद

**जासं, देवरिया:** कार से बिहार भेजी जा रही हरियाणा निर्मित शराब बनकटा पुलिस ने शनिवार की रात वाहन चेकिंग के दौरान बरामद कर लिया। साथ ही तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह पुलिस बल के साथ रामपुर प्रतापपुर चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग कर रहे थे, इस बीच एक कार तेजी से आते हुए नजर आई। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह तेजी से भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर कार को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कार से हरियाणा निर्मित 214 सीसी शराब बरामद की गई। पकड़े गए तस्कर दीपक राठौर निवासी ठीक मिल्कर थाना पालम बिहार जनपद गुड़गांव हरियाणा ने बताया कि वह शराब हरियाणा से लेकर बिहार के सिवान जा रहा था। पुलिस अब उसके मोबाइल के माध्यम से गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों तक पहुंचने में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपित को जेल भेज दिया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में शराब तस्कर • सौजन्य . पुलिस

# चार लोगों पर मुकदमा

देवरिया : चार लोगों पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। शहर के साकेत नगर मोहल्ले के रहने वाले सुमित सिंह ने आरोप लगाया है कि देर शाम वह बाजार से घर जा रहे थे, इस बीच गरुलपार के समीप कुछ युवकों ने उनके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने अजय सिंह, रौनक सिंह निवासी गरुलपार व दो अज्ञात के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि०.4-7-22

# जन शिकायतों का गुणवत्ता के साथ करें निस्तारण : डीआइजी

दैनिक जागरण दि० 4-7-22

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** पुलिस लाइन सभागार में डीआइजी जे. रविन्दर गौड ने पुलिस अधिकारियों के साथ रविवार की शाम बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन शिकायतों को गंभीरता से लें और उसका निस्तारण गुणवत्ता के साथ किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

कहा कि विवेचनाओं का निस्तारण गुणवत्ता के साथ किया जाए। क्षेत्राधिकारी उसका नियमित पर्यवेक्षण करें। कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाया जाए। इसमें शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। चोरी व लूट की घटनाओं को रोकने के लिए रात्रि गस्त तेज कर दी जाए। छोटी-छोटी सूचनाओं को गंभीरता से लें और उनका निस्तारण करें। इंटरनेट मीडिया की नियमित निगरानी की जाए। शातिर बदमाशों के विरुद्ध गुंडा, गैंगस्टर की कार्रवाई की जाए। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की जरुरत है। अतिक्रमण हटाने पर भी बल दें। महिलाओं व बालिकाओं के साथ होने वाली घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, एएसपी राजेश



बैठक को संबोधित करते डीआइजी जे .रविन्दर गौड • जागरण

कुमार सोनकर, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, सीओ रुद्रपुर जिलाजीत, प्रेम नारायण तिवारी, देवानंद, पंचमलाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शहर में पुलिस अधिकारियों ने किया गश्त

देर शाम पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के साथ ही अन्य पुलिस अधिकारियों ने शहर में पैदल गश्त किया। मालवीय रोड, सुभाष चौक होते हुए पुलिस अधिकारी रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान बीच-बीच में लोगों की समस्याओं को भी अधिकारियों ने सुना और निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

अमर उजाला दि० 5-7-22

# सोशल मीडिया पर आते ही दर्ज हो रहे केस

## सीधे-सादे फरियादियों को न्याय दिलाने का माध्यम साबित हो रहा सोशल मीडिया प्लेटफार्म

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म सीधे-सादे फरियादियों को न्याय दिलाने का बेहतर माध्यम साबित हो रहा है। जनपद में कई ऐसे मामले हैं, जिसमें पीड़ितों की फरियाद थाने-चौकी पर नहीं सुनी गई। तहरीर देने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं होने पर पीड़ितों ने सोशल मीडिया पर गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और केस दर्ज हुआ।

विभिन्न आपराधिक घटनाओं का पुलिस संज्ञान लेने से परहेज कर रही है। फरियादियों की सुनवाई नहीं हो रही है। थाने पर सूचना देने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं होने पर आला अफसरों तक दौड़ लगा रहे हैं। आला अफसर भी उसी थाने पर भेज देते हैं फिर भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। थक-हार कर कुछ फरियादी तो घर बैठ जाते हैं, किंतु कई फरियादी सोशल मीडिया का सहारा पर अपना दर्द बयां कर देते हैं। ऑडियो-वीडियो वायरल होते ही मुकदमा दर्ज हो जा रहा है। यहां तक कि कुछ लोगों ने अपने मित्रों और परिचितों के माध्यम से ट्विटर एकाउंट, फेसबुक के जरिए गुहार लगाई। कुछ मामलों में ऑडियो रिकार्ड कर आला अफसरों के पास भेजा तो कार्रवाई हुई।

**केस 1** भाटपाररानी में अभी कुछ माह पहले एक दुष्कर्म के आरोपी को बचाने के नाम पर एक सिपाही ने रुपये ले लिए। इसका आडियो जब आला अफसरों के पास पहुंचा तो सिपाही के खिलाफ कार्रवाई हुई।

**केस 2** रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला से दीवार जोड़वाने के बदले में एक पुलिसकर्मी रुपये मांग रहा था। इसका भी मोबाइल पर हुई बातचीत का आडियो जब वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आई। सिपाही को निलंबित किया।

**केस 3** सदर कोतवाली के एक गांव में सरस्वती पूजन के दिन तमंचा लहराने वाले युवकों का वीडियो किसी ने आला अफसरों के ट्विटर पर भेज दिया। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और तमंचा लहराने वालों युवक पकड़े गए।

**केस 4** बरियापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी परिवार लाठी, डंडे से लैश लोगों ने भूमि के विवाद हमला बोल दिया। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर दी। इसके बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। इस पर पीड़ित ने वीडियो को आला अफसरों के पास भेज दिया। इसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ।

*थाने पर पहुंचे पीड़ित की बातों को गंभीरता से सुनकर मुकदमा दर्ज करने का सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए है। अगर किसी मामले की सोशल मीडिया के जरिए भी जानकारी होती है तो उसमें कार्रवाई की जाती है।*
*-राजेश कुमार, एएसपी*

# कार से बिहार जा रही शराब पकड़ी एक गिरफ्तार

अमर उजाला दि० 4-7-22

बनकटा/प्रतापपुर। क्षेत्र के रामपुर प्रतापपुर में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने कार की डिकी से बड़ी मात्रा में शराब बरामद की है। पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

एसओ दिलीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। एक कार को रोकर तलाशी लेने पर डिकी से हरियाणा निर्मित 214 बोतल शराब मिली। चालक गाड़ी का कागज भी नहीं दिखा पाया। चालक ने बताया कि वह शराब को हरियाणा से बिहार ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन समेत शराब को कब्जे में ले लिया। आरोपी की पहचान गुड़गांव के ठीट मिल्कपुर पालम विहार सेक्टर 22 निवासी दीपक राठौर के रूप में हुई है। संवाद

अमर उजाला दि०-4-7-22

# महिलाओं को पुलिस ने किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। सरयू नदी तट स्थित थाना घाट पर महिला आरक्षियों ने शक्ति मिशन के तहत जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया। महिला सिपाहियों ने धूर्तबाजों और मनचलों से सतर्क रहने और बचाव के तौर-तरीके बताए। उनका कहना था कि महिलाओं के जागरूक होने पर अपराध में कमी आएगी।

रविवार को थाना घाट पर पूजा-पाठ करने आई महिलाओं को आरक्षियों ने शक्ति मिशन के तहत जागरूक किया। महिला आरक्षियों ने टप्पेबाजों, सोशल प्लेटफार्म पर शिकार हो रहीं महिलाओं को बचाव, आत्मरक्षा के गुर बताए। जबकि 102, 108, 112, 1090 आदि नंबरों के बारे में जानकारी दी।

थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने कहा कि जागरुकता के अभाव में अक्सर घटनाएं हो रही हैं। अपराध पर नकेल कसने के लिए जागरुकता जरूरी है। इस दौरान अलका तिवारी, कशिश, किरन, ज्योति, उपासना, सीमा, खुशबू, जया, प्रिया आदि मौजूद रहीं।

अमर उजाला दि०-५-७-22

# पुलिस ने केस दर्ज कर वाहन को सीज किया

देसही देवरिया। रामपुर कारखाना के नौतन हथियागढ़ में बालू खनन के मामले में शनिवार को पकड़ी गई डंपर गाड़ी को पुलिस ने सीज कर केस दर्ज कर दिया। इस कार्रवाई से इस धंधे में शामिल लोगों में खलबली मच गई है।

**पुलिस ने बालू लदे डंपर को पकड़ा था**

रामपुर कारखाना के नौतन हथियागढ़ गांव स्थित छोटी गंडक नदी के घाट पर शनिवार की सुबह अवैध बालू लदे डंपर को पुलिस ने पकड़ लिया था। डंपर का पहिया धंस गया। इसी बीच सूचना पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को पकड़ लिया।

पुलिस गाड़ी को लेकर थाने आई। खनन विभाग से मिले निर्देश के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर गाड़ी सीज कर दिया। वाहन नौतन हथियागढ़ गांव के ही राधे यादव की थी। पुलिस की इस कार्रवाई से छोटी गंडक नदी में अवैध खनन करा रहे बालू माफियाओं के बीच खलबली मच गई है। एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि केस दर्ज कर गाड़ी को सीज कर दिया गया है। वाहन नौतन हथियागढ़ के राधे यादव की थी। वही गाड़ी चला भी रहा था। संवाद

अमर उजाला दि० ५-७-२२

# बैरिस्टर हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

## तमंचा बरामद

खामपार। स्थानीय पुलिस ने बैरिस्टर यादव की हत्या के मामले में नाजमद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी के पास से पुलिस ने तमंचा भी बरामद किया है।

एसओ बृजेश मिश्र सुबह भवानी छापर जिन्न बाबा के स्थान के पास गश्त पर थे। इसी दौरान बैरिस्टर यादव हत्याकांड में शामिल आरोपी विंदेश कुशवाहा निवासी परसौनी रघुनाथ थाना खामपार व पंकज यादव निवासी वासुदेव उर्फ गोबरही थाना खामपार दिखाई पड़े। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। एसओ ने बताया कि एक आरोपी के पास तमंचा भी बरामद हुआ है। आरोपियों ने नेटुआवीर बाबा चौराहे के पास बैरिस्टर यादव की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-07-2022

# पति-पत्नी के विवाद का पुलिस ने कराया हल

**पडरौना।** एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर रविवार को महिला थाना पडरौना में एसओ द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूजा देवी व पति मुकेश निवासी सेमरा थाना कुबेरस्थान जबकि किरन व उनके पति रामप्रताप निवासी भजन छपरा थाना खड्डा के मध्य विवाद चल रहा था। दोनों जोड़ों की बातों को सुनने के बाद काउंसलिंग की गई व जोड़ों के विवाद का हल किया।

# दो वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

**अहिरौली बाजार।** स्थानीय थाने की पुलिस ने रविवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनके विरुद्ध स्थानीय थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत था। वारंटी उमापति पुत्र महेश निवासी ग्राम पकड़ी थाना अहिरौली बाजार व महेन्द्र प्रसाद पुत्र भरोस प्रसाद निवासी ग्राम सोनिया थाना अहिरौली बाजार को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

# पुलिस ने पैदल मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया

**राजापाकड़।** एसपी धवल कुमार जायसवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार की शाम एसओ जेपी पाठक के नेतृत्व में तुर्कपट्टी पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।

ग्राम पंचायत बरवाराजापाकड़ के सीताराम चौराहा, बंगरा पुल, बहुरिया टोला बाजार आदि में पुलिस ने पैदल मार्च किया। एसएचओ ने कहा कि शांति व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश में जुटे अराजकतत्व पुलिस की रडार पर हैं। कानून को हाथ में लेने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। उन्होंने आम नागरिकों को सुरक्षा का अहसास दिलाते हुए कहा कि किसी भी विषम परिस्थितियों में पुलिस को सूचना दें। हेड कांस्टेबल श्रीकृष्ण सिंह, कांस्टेबल उमेश , रामानंद आदि रहे।

# एक साथ रहने को हुए तैयार हुए दंपती दो परिवारों का दूर हुआ मनमुटाव

**जासं, पडरौना:** महिला थाने में रविवार को थानाध्यक्ष रेखा की अध्यक्षता में जनसुनवाई हुई। कुल दो मामले आए। जिन्हें आपसी समन्वय के आधार पर निस्तारित किया। मनमुटाव दूर कर दंपती एक साथ रहने को राजी हो गए।

कुबेरस्थान के सेमरा निवासी पूजा का पति मुकेश से मनमुटाव चल रहा था। इसकी शिकायत उन्होंने महिला थाने में की थी। दोनों अलग रह रहे थे। दंपती को थाने बुलाया गया। काउंसिलिंग के बाद वह साथ रहने को तैयार हो गए। इसी तरह खड्डा के भजन छपरा गांव की किरन ने भी थाने में मदद की गुहार लगाई थी। काउंसिलिंग के दौरान पता चला कि मामूली बात पर पति रामप्रताप व किरन आपस में झगड़ जाते थे। समझाने पर दोनों ने भूल स्वीकार की साथ रहने को राजी हो गए। काउंसलिंग में महिला एसओ तथा सिपाही संजू वर्मा व शशि उपाध्याय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पुलिस की मौजूदगी में हुआ गांव के कोटेदार का चयन

जासं, नेबुआ नौरंगिया: पडरौना ब्लाक के जंगल जगदीशपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में दो थाने की पुलिस की मौजूदगी में कोटेदार के चयन के लिए खुली बैठक हुई। एडीओ एजी हृदयानंद व सचिव प्रभाकर सिंह की देखरेख में प्रमिला को कोटेदार चुना गया। एसडीएम की ओर से पूर्व में कोटे की दुकान निरस्त कर दी गई थी, इस वजह से नए कोटेदार का चयन हुआ।

इसके पहले 20 जून को चयन की प्रक्रिया शुरू होते ही हंगामा की वजह से बैठक निरस्त कर दी गई थी। दोबारा बुलाई गई बैठक में प्रमिला, सतीश व अनीता ने दावेदारी की। प्रमिला के पक्ष में 2500 कार्डधारक और सतीश व अनीता के पक्ष में 200 कार्डधारकों ने हाथ उठाकर समर्थन दिया। पडरौना कोतवाली व नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस तैनात रही। बैठक में ग्राम प्रधान हरिलाल प्रजापति, अवधेश, सोनू, सुबाष, मंटू, राजेंद्र, विभूति, छोटेलाल, उमाशंकर, बीरबल, घूरा, संतोष आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने पैदल मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**जासं, राजापाकड़:** कप्तान धवल कुमार जायसवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे रविवार की शाम को प्रभारी निरीक्षक जेपी पाठक के नेतृत्व में तुर्कपट्टी पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर पैदल मार्च कर नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

बरवाराजापाकड़ के सीताराम चौराहा, बंगरा पुल, बहुरिया टोला बाजार आदि में पुलिस ने पैदल मार्च किया। एसएचओ ने कहा कि शांति व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश में जुटे अराजकतत्व पुलिस के रडार पर हैं। हेड कांस्टेबल श्रीकृष्ण सिंह, कांस्टेबल उमेश कुमार, रमानंद चौहान, राहुल प्रसाद, महिला कांस्टेबल रूही राय, रीता कुमारी, संजय यादव आदि मौजूद रहे।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**नेबुआ नौरंगिया:** नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने गैर इरादतन हत्या मामले में एक आरोपित को रविवार को धीरछपरा गांव के पास से गिरफ्तार किया गया। प्रभारी एसओ कैलाश यादव ने बताया कि उसकी पहचान योगेंद्र उर्फ जोगिंद्र निवासी दुबौली के रूप में हुई। (जासं)

# अंतिम बार कब घर आया था नौशाद, पता लगा रही पुलिस

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** एसटीएफ लखनऊ और ड्रग विभाग की संयुक्त टीम के हाथ लगे अंतरराज्यीय ब्लड तस्करी गिरोह के मुख्य सरगना नौशाद अहमद के बारे में कुशीनगर पुलिस गोपनीय तरीके से जानकारी जुटा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि वह अंतिम बार कब घर आया था और उसके संपर्क में यहां और कौन-कौन है तथा उनका काम क्या है। एसटीएफ लखनऊ की टीम दो दिन पूर्व नौशाद के घर पहुंचकर आवश्यक जानकारी एकत्रित की थी।

बीते 30 जून को लखनऊ के ठाकुरगंज के तहसीनगंज में मिड लाइफ चैरिटेबल ब्लड बैंक तथा कृष्णानगर के नारायणी ब्लड बैंक में एसटीएफ व ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर राजस्थान से तस्करी कर लाया गया 302 यूनिट ब्लड बरामद किया था। ब्लड के पैकटों पर ग्रुप और एक्सपायरी तिथि अंकित नहीं थी। एसटीएफ ने इन ब्लड बैंकों के संचालक तथा मुख्य तस्कर नौशाद अहमद (निवासी टेकुआटार पकड़ी टोला थाना रामकोला जिला कुशीनगर) समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया था। नौशाद की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही जिले की भी पुलिस सक्रिय हो गई। थाने के अलावा जनपदीय टीम यह जानने में जुट गई कि अंतिम बार वह कब घर आया था। यहां आने पर कौन-कौन लोग उसके संपर्क में थे, जनपद या आसपास के जिलों में भी उसके एजेंट तो सक्रिय नहीं हैं। यह भी पता चला है कि पूछताछ में उसने एसटीएफ को बताया कि राजस्थान के चैरिटेबल ट्रस्ट से संचालित ब्लड बैंक में डोनेट ब्लड को वह वहां के कर्मचारियों की मदद से सात से आठ सौ रुपये प्रति यूनिट में खरीदकर लखनऊ तथा विभिन्न जनपदों में 12 से 15 सौ रुपये प्रति यूनिट बेचता था। इसके बाद यह जरूरतमंदों में पांच से छह हजार रुपये प्रति यूनिट बेचा जाता था।

- **एसटीएफ व ड्रग विभाग ने 302 यूनिट खून के साथ लखनऊ में किया था गिरफ्तार**
- **राजस्थान के चैरिटेबल ट्रस्ट से कम कीमत पर खून खरीदकर करता था सप्लाई**

## पैरामेडिकल की पढ़ाई करने लखनऊ गया था नौशाद

नौशाद अहमद पैरामेडिकल की पढ़ाई करने पांच वर्ष पूर्व लखनऊ गया था। पढ़ाई के दौरान ही वह ब्लड की तस्करी करने वाले गिरोह के संपर्क में आया था। पुलिस के अनुसार अब वह गिरोह का मुख्य तस्कर बन गया है। तीन भाइयों में वह बीच का है। घर में उसके माता-पिता व दो भाई हैं। बड़े भाई की शादी हो गई है।

> नौशाद अहमद से जुड़ी जानकारी एकत्रित की जा रही है। स्वजन से पूछताछ के बाद उसके संपर्क में रहे लोगों पर नजर है। एसटीएफ लखनऊ से संपर्क कर उसके विरुद्ध की गई कार्रवाई का ब्योरा मांगा गया है। इस आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
>
> धवल जायसवाल, एसपी

# पुलिस चौकी से तमकुहीराज थाने का होगा संचालन

## भवन निर्माण के लिए जगह की तलाश में प्रशासन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**तमकुहीराज।** तहसील मुख्यालय पर पुलिस थाने का सपना जल्द पूरा हो जाएगा। तमकुहीराज में थाना स्थापित करने की मंजूरी शासन ने दे दी है। थाना का प्रशासनिक भवन, बैरक और आरक्षी आवास बनाने के लिए जिला प्रशासन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। नए भवन का निर्माण कार्य पूरे होने तक पुलिस चौकी से तमकुहीराज थाना का संचालन होगा। तरयासुजान थानाक्षेत्र का तमकुहीराज तहसील मुख्यालय है। इसकी दूरी थाने से करीब 12 किमी है। तमकुहीराज कस्बे में थाना बनाने की मांग कई बार जनप्रतिनिधि कर चुके हैं। आबादी और अपराध को देखते हुए यहां पर थाना बनाने की मंजूरी शासन से मिल चुकी है।

हाल ही में पुलिस अधीक्षक धवल कुमार जायसवाल ने तमकुहीराज पुलिस चौकी की व्यवस्था देखी थी। हवालात, आरक्षी निवास, मेस सहित अन्य आवासों को देखकर उन्होंने व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने थाना भवन का निर्माण होने के पहले तक किराए के मकान में थाना संचालित करने की बात कही। एसपी ने विकल्प के तौर पर सुझाया कि यदि कोई मकान नहीं मिलता है तो पुलिस चौकी में तमकुहीराज थाना का संचालन शुरू करा दिया जाएगा। इसके लिए स्टॉफ की तैनाती हो जाएगी। एक इंस्पेक्टर सहित अन्य पुलिस कर्मचारियों का ब्यौरा भी मांगा है। नए थाना क्षेत्र में तमकुहीराज पुलिस चौकी, डिबनी बंजरवा पुलिस चौकी क्षेत्र के अलावा सेवरही एवं पटहेरवा थाना क्षेत्र के कुछ गांवों का शामिल किया जाएगा। लोगों का कहना है कि यदि 15 अगस्त के पूर्व नए थाना का संचालन शुरू हो जाता है तो यह आजादी के अमृत महोत्सव पर एक उपहार सरीखा होगा। क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा ने बताया कि नए थाने के संचालन के लिए शासन से मंजूरी मिल चुकी है। अन्य औपचारिकताओं की पूर्ति की जा रही है। जल्द ही थाना का ऑनलाइन सॉफ्टवेयर बनाकर अन्य प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। ताकि थाना का कामकाज शुरू किया जा सके।

# वांछित गिरफ्तार

**पिपरा बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के दुबौली में भूमि विवाद के दौरान हुई मारपीट में घायल व्यक्ति की मौत के मामले में दर्ज मुकदमे में वांछित आरोपी को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पांच लोगों पर गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। दुबौली निवासी गीता से गांव के कुछ लोगों का भूमि विवाद चल रहा है। 16 जून को मारपीट हो गई थी। गीता के पति शंभू चौहान को दूसरे पक्ष के लोगों ने पीट दिया था। उन्हें जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया था। रास्ते में उनकी मौत हो गई थी। गीता की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने धीरछपरा गांव के पास जोगिंदर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य की तलाश जारी है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-07-2022

# 84 अपराधियों पर कसा गैंगस्टर एक्ट का शिकंजा

**कार्रवाई**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** प्रदेश में योगी 2.0 की शासन में महराजगंज पुलिस अपने सौ दिन के निर्धारित लक्ष्य में गैंगेस्टर एक्ट के तीस केस दर्ज कर 84 अपराधियों पर गैंगेस्टर का शिकंजा कस चुकी है। इसमें से 13 गैंगेस्टरों का 79.5 लाख की सम्पत्ति को जब्त किया जा चुका है। सबसे अधिक कार्रवाई नशीली दवाओं के अवैध सौदागरों के खिलाफ किया गया है।

जिले में पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी डॉ. कौस्तुभ ने अपराध रोकने व अपराधियों पर कार्रवाई के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाया। कानून व्यवस्था में लापरवाही सामने आने पर सिसवा पुलिस चौकी व पनियरा थाने की पूरी टीम को लाइन हाजिर कर महकमा में यह संदेश दिया कि दायित्व निर्वहन में लापरवाही क्षम्य नहीं है। जन सुनवाई को प्रभावी बनाने के लिए सभी थानों पर आगंतुक कक्ष को बेहतर कराया।

फरियादियों की शिकायत पर चौबीस घंटे के अंदर कार्रवाई की मानीटरिंग के लिए सेल का गठन किया। पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए माह के सभी चार सप्ताह में एक-एक विशेष अभियान शुरू कराया। आपरेशन बज्र से वांटेड अन्य बड़े अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है।

आपरेशन शिकंजा में कोर्ट में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने का काम किया जा रहा है। दस्तक अभियान में पुराने अपराधियों व हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी की जा रही है। आपरेशन मुस्कान में गुमशुदा बच्चियों व अपहृत बालिकाओं की बरामदगी की जिम्मेदारी सभी थानाध्यक्ष को सौंपी गई है।

**28 अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट, कोर्ट में पैरवी से 21 केस में सजा :** अपराधिक वारदातों में कमी लाने के लिए एसपी के निर्देश पर 28 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है। इसमें सभी हार्डकोर अपराधी रह चुके हैं। लूट, तस्करी, गो-तस्करी, वन तस्कर, खनन माफिया व अन्य अपराधी हैं। इसके अलावा आपरेशन शिकंजा के तहत कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर पुलिस 21 मुकदमों में सजा करा चुकी है। इसमें से तीन केस में कोर्ट अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित की है।

इस संबंध में एसपी डा. कौस्तुभ ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सौ दिन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक गैंगेस्टर एक्ट के तीस केस दर्ज किए जा चुके हैं। इसमें 84 अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

## पुलिस के रडार पर खनन व वन माफिया

सौ दिन के अपने निर्धारित लक्ष्य में लूट का पांच केस दर्ज की है। इसमें 13 लुटेरों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। शराब व मादक पदार्थ की तस्करी के चार मामले में 11 के खिलाफ शिकंजा कसा गया है। खनन व वन माफियाओं के एक-एक मामले के अलावा अन्य आठ मामलों में गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई हुई है।

**महराजगंज।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने दबोच लिया है। इस पोस्ट के जरिए एक धर्म के प्रति टिप्पणी करने का आरोप है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर धार्मिक उन्माद व आपत्तिजनक पोस्टों के माध्यम से विद्वेष, अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी के लिए एसपी डॉ. कौस्तुभ ने अभियान चलाया है। सोनरा निवासी आरोपी राजकुमार शर्मा पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। सीओ अजय सिंह चौहान ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल इस पोस्ट का संज्ञान लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**सोशल मीडिया पर बरतें सावधानी:** सोशल साइट पर कभी भी कोई पोस्ट को शेयर करते समय उसकी जांच जरूर कर लें फार्वडेड मैसेज शेयर करने से बचें किसी भी धर्म विशेष को टारगेट करते हुए आपत्तिजनक पोस्ट शेयर न करें सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट शेयर न करें जिससे समाज में तनाव पैदा हो।

# एसएसबी व पुलिस ने गांजा के साथ युवक को पकड़ा

**जासं, नौतनवा:** एसएसबी 66 वीं वाहिनी व पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार शाम डंडा नदी बैरिहवा मार्ग से एक युवक को 950 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह व एसएसबी हरदीडाली बीओपी के जवान गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एसएसबी द्वितीय कमान अधिकारी वरुण कुमार को सूचना मिली कि कुछ लोग नेपाल से भारत में तस्करी करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि आरोपित को पकड़ने के लिए टीम को अलर्ट कर दिया गया, जिससे वह छिपकर तैनात हो गए। इस बीच एक बाइक सवार तेज गति से डंडा नदी पुल पार कर नौतनवा की तरफ जा रहा है। जवानों ने रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा और जिसको दौड़ाकर कुछ दूरी पर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर बाइक में 950 ग्राम गाजा बरामद हुआ। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया गाजा के साथ गिरफ्तार आरोपित कृष्ण जायसवाल निवासी चौमूर्वा थाना कैंपियरगंज जिला गोरखपुर को न्यायालय चालान किया गया।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में छात्र संघ महामंत्री गिरफ्तार

**जासं, महराजगंज:** नुपूर शर्मा के समर्थन और एक पक्ष के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने रविवार को जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कालेज के महामंत्री राजकुमार शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक प्रवीन कुमार की तहरीर पर उसके विरुद्ध पुलिस ने धार्मिक विद्वेष फैलाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रविवार को सुबह इंटरनेट मीडिया पर जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कालेज के छात्रनेता द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया। वीडियो जैसे ही वायरल हुआ दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध जताते हुए पुलिस को सूचना दी। कई लोगों ने इस वीडियो को पुलिस के ट्विटर हैंडल पर टैग कर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

सदर कोतवाल ने बताया कि शिकायत मिलते ही पुलिस सतर्क हो गई और वीडियो की जांच की गई तो आरोपित की पहचान सदर कोतवाली के सोनरा निवासी राजकुमार शर्मा के रूप में हुई।

आरोपित को उसके निवास स्थान सोनरा से गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान किया गया।

## कार्रवाई की मांग

**जासं, नौतनवा:** रविवार को इंटरनेट मीडिया के फेसबुक पर एक व्यक्ति द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में एक पक्ष के लोगों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में आरोप है कि कुछ लोग शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। फेसबुक पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने से आस्था को ठेस और आघात पहुंचा है। मो.शमीम, इम्तियाज अहमद, अफजल अहमद, मुकर्रम अली, शहाबुद्दीन, अफजल, मो.सलमान, सब्बीर सुहेल ने पुलिस से आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की है।

# चालकों में मारपीट दो पर मुकदमा दर्ज

**जासं, नौतनवा:** अटल चौक पर शनिवार शाम सवारी बैठाने को लेकर ई-रिक्शा चालकों में मारपीट में हो गई, जिसमें चालक इंद्र बहादुर चौधरी को गंभीर चोट आई है। आसपास के लोगों की मदद से उसका इलाज निजी अस्पताल में कराया गया।

ई-रिक्शा चालक इंद्र बहादुर चौधरी ने थाना में दिए तहरीर में बताया कि शाम को अटल चौक पर सवारी बैठा कर बाजार की तरफ जा रहा था। इसी बीच से मारने लगे, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

**न्यूज डायरी**

## आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी का चालान

**महराजगंज।** व्यक्ति विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में सोनरा गांव के राजकुमार शर्मा को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। यह जानकारी क्षेत्राधिकारी सदर अजय सिंह चौहान ने दी। संवाद

## 12 बोरी यूरिया बरामद

**महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र के शीतलापुर से 12 बोरी यूरिया, तीन बाइक समेत नेपाल के एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। रविवार को पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। 12 बोरी यूरिया लदी तीन बाइक शीतलापुर में मिली। सुनील निवासी गिदहा, थाना सेमरी, जिला नवलपरासी, नेपाल को पकड़ लिया गया। आरोपी पर कस्टम एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। यह जानकारी निचलौल थाने के उप निरीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने दी। संवाद

## तीन दिन तक बाधित रहेगी जलापूर्ति

**नौतनवां।** नगर पालिका क्षेत्र में जलकल की ओर से की जाने वाली जलापूर्ति तकनीकी खराबी के कारण रविवार से मंगलवार तक दूसरे शिफ्ट यानी शाम के समय बाधित रहेगी। यह जानकारी नगर पालिका परिषद नौतनवां के चेयरमैन गुड्डू खान ने दी। उन्होंने बताया की मोटर में खराबी होने के कारण शाम के समय जलापूर्ति बाधित रहेगी। खराबी को ठीक कराने में लगभग तीन दिन का समय लग सकता है। मोटर दुरुस्त होते ही समय सारिणी के अनुसार पुनः जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। संवाद

# कानून तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

**कोठीभार।** स्थानीय थाना परिसर में रविवार को शांति कमेटी की बैठक हुई, जिसमें उप जिलाधिकारी सत्य प्रकाश मिश्रा ने कहा कि कानून तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में कहीं भी संदिग्ध स्थिति नजर आए तो पुलिस को तुरंत जानकारी दें।

क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे ने कहा कि अफवाह पर ध्यान न दें। पुलिस की नजर प्रत्येक गतिविधियों पर रहेगी। उन्होंने सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। संवाद

# गोरखपुर का गांजा कारोबारी नौतनवां में गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**नौतनवां।** कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गैस गोदाम के निकट से होकर गुजर रहे बैरियहवा मार्ग से शनिवार देर रात पुलिस टीम ने एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि शनिवार देर रात कस्बे से होकर गुजर रहे बैरियहवा मार्ग पर एक युवक नजर आया, जिसकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं तो उसे पकड़ कर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसके पास से 950 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

पूछताछ में उसने अपना नाम कृष्णा जायसवाल निवासी चौमुखा थाना कैंपियरगंज जनपद गोरखपुर बताया।

उसने बताया कि गांजा की खेप को नौतनवां में बिक्री करने के लिए किसी को डिलीवरी देने आया था। आरोपी का एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय में चालान किया गया।

# BASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-07-2022

# मारपीट कर दांत से काटा, मुकदमा

बस्ती। नगर थाने के चंदो निवासी देवेश प्रतास सिंह का आरोप है कि गांव के रोहित सिंह ने नशे में धुत होकर पुरानी रंजिश के चलते मारपीट की। बीच-बचाव में आए भाई का हाथ मरोड़ कर धमकाया। लालगंज के सजहरा निवासी गंगाप्रसाद पांडेय का आरोप है कि खलीलाबाद निवासी दोमादर पांडेय उर्फ लालू समेत दो ने घर में घुसकर पुरानी रंजिश में मारपीट कर धमकाया।

# पैसे लेकर ईंट न देने पर केस

बस्ती। कप्तानगंज थाने के तेलिहाडीह निवासी मुकेश कुमार साहू का आरोप है कि उनके मकान के निर्माण के लिए ईट गिराने को प्रति ट्राली 14 हजार रुपया आनन्द कुमार दुबे पता अज्ञात ने लिया था। लेकिन ईट नहीं गिरवाई और पैसा भी नहीं वापस किया। पुलिस ने आईपीसी 406 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# जेवरात उड़ाने वाले टप्पेबाजों पर दर्ज किया गया मुकदमा

**परसरामपुर।** दुकानदार से फ्राड कर जेवरात लेकर फरार होने के दो आरोपितों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर के जगदीशपुर के दिनेश कुमार ने कोहराएं चौराहा पर बर्तन व सर्राफा की दुकान खोल रखी है। उन्होंने तहरीर में बताया है कि शनिवार को दिन में आए बाइक सवार दो लोगों ने सोने का लॉकिट दिखाने को कहा। तभी उनमें से एक ने कोई पाउडर मुझ पर फेंका, जिससे कुछ मिनट मैं बेसुध हो गया। लॉकिट का डिब्बा जिसमें 11 पीस लॉकिट व अन्य सोने के जेवरात दोनों लेकर फरार हो गए। पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज किया है।

# थानाध्यक्ष वाल्टरगंज को किया सम्मानित

**बस्ती।** व्हाट्सअप पर वायरल एक वीडियो में देश के प्रति लोगों मे दुर्भावना फैलाने व पड़ोसी देश के समर्थन मे नारे लगाने में वाल्टरगंज पुलिस की त्वरित कार्रवाई की विश्व हिन्दू महासंघ ने प्रशंसा की है। रविवार को थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह व चौकी प्रभारी गनेशपुर इन्द्रभूषण सिंह को जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह व उनकी टीम ने स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

# सूचना न देने पर 50 हजार जुर्माना

**आरटीआई**

- दो माह में दो मामलों में लगा 25-25 हजार रुपए का अर्थदंड
- बभनान के अधिशासी अधिकारी के वेतन से होगी कटौती

**बभनान, हिन्दुस्तान संवाद।** जन सूचना अधिकार अधिनियम को खिलवाड़ समझना अधिशासी अधिकारी को महंगा पड़ गया। राज्य सूचना आयोग ने दो माह के अंदर दो मामलों में उन पर 25-25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया।

नगर पंचायत के राधेश्याम कमलापुरी द्वारा वर्ष 2020 में 12 बिंदुओं पर सूचना मांगी गई थी। लेकिन अधिशासी अधिकारी द्वारा सूचना नहीं मुहैया कराई गई। जिस पर संयुक्त रजिस्ट्रार उत्तर प्रदेश सूचना आयोग गोमती नगर लखनऊ द्वारा 31 मार्च 2022 को 25000 का अर्थदंड लगाया गया। वहीं नगर पंचायत बभनान के शेर बहादुर सिंह द्वारा 25 अगस्त 2020 को सूचनाएं मांगी गई थी। इस मामले में राज्य सूचना आयुक्त रचना पाल द्वारा 21 जून 2022 को डीएम बस्ती को पत्र जारी करते हुए बताया गया कि 25 अगस्त 2020 व 10 दिसम्बर 2020 के क्रम में सूचनाएं उपलब्ध न कराए जाने एवं आयोग के समक्ष निर्धारित तिथि पर उपस्थित न होने पर नियमानुसार 25000 का अर्थदंड लगाया जाता है।

यह अर्थदंड अधिशासी अधिकारी के वेतन से पांच समान किस्तों में वसूल किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस बाबत अधिशासी अधिकारी बभनान रमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचनाएं बाबू ने दबा कर रखी थी, जो मेरे संज्ञान में नहीं थी। उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

राधेश्याम कमलापुरी को सूचना मुहैया करा दी गई है। शीघ्र ही शेर बहादुर सिंह को भी सूचना दे दी जाएगी।

## दो टॉप टेन आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने टॉप टेन दो आरोपितों को दबोचा है। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया टॉप टेन में चिह्नित व एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित वारंट में आरोपी अफरोज, गंधरिया फैज थाना, वाल्टरगंज को टीम ने पकड़ा। समसुद्दीन, मझौवामीर थाना वाल्टरगंज, आरोपी को दबोच कर न्यायालय भेजा। मुंडेरवा पुलिस ने आरोपी रीना निवासी करवल कालोनी किठुरी थाना मुण्डेरवा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

# देशविरोधी नारेबाजी का आरोपी दबोचा

बस्ती। सोशल मीडिया पर देश विरोधी नारे लगाने वाले वायरल वीडियो में नजर आ रहे दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने दबोच लिया है।

थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि आरोपी अखिलेश मोदनवाल निवासी सरैया भरटोला थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती को पुलिस टीम ने वन विहार शेखपुरा मोड़ से रविवार को गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी शमशेर को शनिवार को ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। दोनों पर वाल्टरगंज थाने में धार्मिक भावना भड़काने, देश विरोधी नारे लगाने व अन्य केस दर्ज किया है। गिरफ्तार करने वालों में थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिंह, एसआई इन्द्रभूषण सिंह, आरक्षी विनोद, बलवंत दुर्गेश, विद्यासागर शामिल रहे।

# सवा किलो गांजा के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

रुधौली। रुधौली पुलिस ने रविवार को वाहन चेकिंग में हनुमानगंज नहर पुलिया के पास प्रमोद हरिजन निवासी भुसड़ी उर्फ रायनगर थाना रूधौली को पकड़ कर तलाशी ली तो उसके पास से सवा किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ। इंस्पेक्टर आरके मिश्रा ने बतायाएनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया। टीम में प्रभारी चौकी इंचार्ज हनुमानगंज संतोष कुमार सिंह, कां. शशि कुमार सिंह और श्रीप्रकाश यादव शामिल रहे।

# वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

बस्ती। परसरामपुर पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अरविन्द शाही ने बताया कि धारा 60, 60(2), 63 आबकारी अधिनियम व 272 आईपीसी में वांछित आरोपी कनिक राम उर्फ कनकू निवासी हड़ही थाना परसरामपुर जनपद बस्ती को उसके गांव से रविवार को दोपहर में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# वांछित गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया

**जागरण संवाददाता,वस्ती:** परशुरामपुर पुलिस ने एक वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अरविन्द शाही ने बताया कि वांछित कनिक राम उर्फ कनकू निवासी हड़ही थाना परशुरामपुर को उसके गांव से रविवार को दोपहर में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के साथ एसआई चतुर्भुज पाठक, कांस्टेबल हरिओम यादव, नितेश यादव शामिल रहे।

# पीटने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**जासं,बस्ती :** लालगंज पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर मारने पीटने के मामले में तीन नामजद व एक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के महादेवा निवासी मनीष कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर रामधारी, महेश, गणेश व एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें मारापीटा। मोबाइल भी तोड़ दिया। जानमाल की धमकी देने का भी आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# छह लोगों पर एससीएसटी सहित कई धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा

**जासं, पैकोलिया, बस्ती :** पैकोलिया पुलिस ने लड़की के साथ अश्लील हरकत करने, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने व जानमाल की धमकी देने के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 21 जून को उसकी बेटी रिश्तेदार के साथ जा रही थी।

दोपहर में बेलभरिया बाजार में सड़क पर खड़े संजय सिंह, सूरज सिंह, हेमंत सिंह, अमन सिंह, बब्लू व प्रेम निवासी इमिलियाधीश ने जातिसूचक शब्द कहते हुए उनकी बेटी को मोटरसाइकिल से हाथ पकड़ कर जबरदस्ती खींचने लगे। अश्लील हरकत करने का भी आरोप लगाया। उलाहना देने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने के लिए दौड़ा लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी हरैया शेषमणि उपाध्याय करेंगे।

# पति समेत तीन पर दहेज उत्पीड़न मामले में केस

**जागरण संवाददाता, देईसांड़, बस्ती :** लालगंज पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले पति समेत तीन लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के थाल्हापार गांव निवासी हसीना खातून ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 मई 2021 में उसका निकाह संत कबीरनगर जिले के दुधारा थानाक्षेत्र के भरवलिया पांडेय गांव निवासी मोहम्मद अजीम के साथ हुई है। आए दिन पति, ससुर मेंहदी हसन, जेठ मो. करीम तथा जेठानी मरियम बानो उर्फ रुबीना दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। 15 जून को मार पीटकर घर से भगा दिया।

# वाल्टरगंज थाने के दो टाप टेन आरोपित गिरफ्तार

**बस्ती :** वाल्टरगंज पुलिस ने थाने के टाप टेन के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि टाप टेन में चिह्नित व एनडीपीएस एक्ट से संबंधित वांछित अफरोज निवासी गन्धरिया फैज थाना वाल्टरगंज को टीम ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। वहीं सम्सुद्दीन निवासी मझौवामीर थाना वाल्टरगंज को मझौवामीर से धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

मुंडेरवा पुलिस ने आबकारी अधिनियम व अन्य मामलों में वांछित रीना निवासी करवल कालोनी किटुरी थाना मुंडेरवा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा ।(जासं)

# सीओ ने पुलिसिंग की बारीकियों को समझाया

**जागरण संवाददाता, कप्तानगंज, बस्ती :** रविवार को कप्तानगंज थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय कुमार चौहान की अध्यक्षता में बैठक हुई। आरक्षियों से उनके बीट से जुड़े गांवों के बारे में जानकारी ली। पुलिसिंग के तमाम बारीकियों को बताया। कहा कि फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराया जाए। बेवजह उन्हें दौड़ाया न जाए। बीट अफसर अपने क्षेत्र में सक्रिय रहें। इंटरनेट मीडिया पर भी नजर बनाएं रखें।

उप निरीक्षक रक्षक गौरव सिंह, जय प्रकाश चौबे, अनस अख्तर, जावेद खान, राहुल सिंह, शुभम, विनय ओझा, जसवंत, उपेंद्र यादव, खुशबू सिंह, कंचन मिश्रा, दिव्या सहित अन्य मौजूद रहे।

# इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद दर्ज हुआ चोरी का मुकदमा

**जासं, परशुरामपुर, बस्ती :** परशुरामपुर पुलिस ने इंटरनेट मीडिया पर चोरी की घटना का पोस्ट वायरल होने के बाद मुकदमा दर्ज किया है।

मगलवां गांव निवासी मिथिलेश पांडेय ने 22 जून को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 21 जून की रात उनका परिवार खाना खाकर घर के बाहर सोया था। सुबह जब परिवार के लोग जगे और घर के अंदर गए तो देखा कि कमरे की कुंडी टूटी है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। आलमारी व संदूक से दो सोने की झुमकी, एक सोने कील अंगूठी, छह नाक की नथुनी, एक पाजेब, दो बिछुआ के अलावा 10 हजार रुपये नकदी गायब थे। मामले में कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने शनिवार को इंटरनेट मीडिया पर चोरी की घटना को वायरल कर दिया। पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस ने चोरी के मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अरविंद ने बताया कि केस दर्ज कर मामले में छानबीन की जा रही है।

# जूठे में जहर डालकर गाय को खिलाने में तीन पर मुकदमा

**बस्ती :** कोतवाली पुलिस ने गाय को जूठे में मिलाकर जहर खिलाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के मड़वानगर निवासी राजेश ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मोहल्ले की निशारानी, दिवाकर प्रसाद और गोविन्द ने 29 जून की शाम से एक जुलाई की सुबह के बीच उनकी गाय को जूठे में मिलाकर जहर खिला दिया। इससे गाय की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# गोलीकांड में दूसरे पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**जासं, पैकोलिया, बस्ती** : थानाक्षेत्र के भैरापुर गांव में 27 जून को हुए गोलीकांड के मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर क्रास केस दर्ज किया है। गांव के सीताराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि 27 जून को उनके गांव के ही जगदीश, शिवमूरत व राहुल, रामसिंह, रोहित, शकुंतला व अमेरिका सभी एक एकराय होकर अपशब्द कहते हुए लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। आरोप लगाया कि उनकी वंदना के ऊपर कट्टे से फायर कर दिया। जिससे वह घायल हो गई।

आरोपितों ने माला व मोबाइल भी छीन लिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। छह दिन बीतने के बावजूद अभी तक घायल का मेडिकल नहीं कराया गया। न ही आरोपितों की गिरफ्तारी हो पाई। वहीं दूसरे पक्ष की गीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने अनिल कुमार, अंशू वर्मा, सीताराम व वंदना देवी विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## रहस्यमय परिस्थितियों में किशोरी गायब, केस

**जासं,बस्ती** : वाल्टरगंज थानाक्षेत्र में एक किशोरी की रहस्मय परिस्थितियों में गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि किसी ने गलत नीयत से उनकी 13 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।

थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि शनिवार की भोर में उनकी बेटी साइकिल लेकर घर से निकली थी। जाते वक्त वह अपने साथ घर में रखा 50 हजार रुपये नकदी भी ले गई। काफी खोजबीन के बाद कोई सुराग नहीं लगा। लावारिस हालत में साइकिल मूड़घाट पुल हनुमान मंदिर के पास मिली। आरोप लगाया कि उनकी बेटी को कोई गलत नीयत से बहलाकर अपने साथ ले गया। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।




# मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को किया जागरूक



कपसौना गांव में मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं, बच्चों को जागरूक करती पुलिसकर्मी ● जागरण

**जागरण संवाददाता, दुबौलिया, बस्ती :** लालगंज थानाक्षेत्र के कपसौना, पसड़ा व खोरिया आदि गांवों में रविवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला चौपाल लगाया गया। चौपाल में महिला पुलिस कर्मियों ने गांव की महिलाओं व बेटियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 तथा अन्य हेल्पलाइन नंबर 108, 112 ,1076, 1098 आदि के बारे में जागरूक किया। महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, विधवा पेंशन, अंत्योदय योजना, आयुष्मान भारत योजना समेत विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया गया।

गांव की विधवाओं व तलाकशुदा महिलाओं के नाम रजिस्टर में अंकित किया। इस अवसर पर बीट प्रभारी महिला आरक्षी स्वीकृति मिश्रा, प्रिया मिश्रा, अनीता यादव मौजूद रहे।



# जेवर उड़ाने वाले टप्पेबाजों पर मुकदमा दर्ज

**बस्ती :** परशुरामपुर पुलिस ने दुकानदार से फ्राड कर जेवर लेकर फरार होने के दो आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जगदीशपुर निवासी दिनेश कुमार की कोहराएं चौराहा पर बर्तन व सराफा की दुकान है। शनिवार को दिन में आए बाइक सवार दो लोगों ने सोने का लाकेट दिखाने को कहा। झांसा देकर उनमें से एक ने कोई पाउडर उन पर फेंका, जिससे वह बेसुध हो गए। इसके बाद लाकेट का डिब्बा जिसमें 11 पीस लाकेट व अन्य सोने के जेवर थे, दोनों लेकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज किया है। (जासं)

# देश विरोधी नारे का वीडियो वायरल करने वाला दूसरा आरोपित गिरफ्तार

**जासं,बस्ती** : इंटरनेट मीडिया पर हिन्दुस्तान मुर्दाबाद व पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाने वाले वायरल वीडियो में दिख रहे दूसरे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसओ योगेश सिंह ने बताया कि नारा लगाते हुए वीडियो वायरल करने वाले दूसरे आरोपित अखिलेश मोदनवाल निवासी सरैया भरटोला थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती को वन विहार के पास शेखपुरा मोड़ से रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया। इससे पहले मुख्य आरोपित शमशेर को शनिवार को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। दोनों के विरुद्ध थाने में धार्मिक भावना भड़काने, देश विरोधी नारे लगाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई इन्द्रभूषण सिंह, विनोद कुमार, बलवंत यादव, दुर्गेश गौड़, विद्यासागर आदि मौजूद रहे।

# शांति और सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार

**जागरण संवाददाता, कप्तानगंज, बस्ती** : 10 जुलाई को बकरीद त्योहार के मद्देनजर कप्तानगंज थाना में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। तहसीलदार इंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि सुखद माहौल में त्योहार मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। हम सब को यह प्रयास करना चाहिए कि कहीं से किसी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए।

सभी धर्म हमें मानवता ही सिखाते हैं। जो व्यक्ति मानवता से अलग हटकर काम करता है वह किसी तरह के धर्म का पालन नहीं करता। वास्तव में धर्म का तात्पर्य तो कर्तव्य पालन ही है। हमारी गंगा जमुनी तहजीब रही है। विभिन्न धर्मों के लोग एक दूसरे के त्योहारों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और एक दूसरे के सुख दुख में हिस्सा लेकर के एक मिसाल पेश करते रहे हैं। क्षेत्राधिकारी विनय कुमार चौहान व प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार ने समस्याओं को जाना और उन्हें भरोसा दिलाया कि कहीं किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। पूर्व प्रधान एजाज अहमद उर्फ बन्ने व राजू खान ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि कप्तानगंज का शुरू से ही भाईचारे का उत्तम मिसाल पेश करने का इतिहास रहा है जो आगे भी कायम रहेगा। इस दौरान मौलाना हिदायत अली, मौलाना साजिद, अकरम अली, अजमल, मुन्ना खान, गजाधर, मोहम्मद अली, जमीर उल्लाह, मोहम्मद हसन, जावेद, अनस, अख्तर, गौरव सिंह आदि मौजूद रहे। गोटवा संवाददाता के अनुसार नगर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। राजस्थान के जयपुर और त्योहारों कांवड़ यात्रा व बकरीद के दृष्टिगत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उप जिलाधिकारी बस्ती सदर शैलेश दुबे ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने, आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करना है। धर्मगुरुओं से बकरीद एवं कावड़ यात्रा को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की मदद करने की अपील की। थाना प्रभारी नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने सभी से कहा कि त्योहार भाईचारे के साथ मनाएं। अगर किसी ने अफवाह फैलाने की कोशिश की जिससे आपसी सौहार्द बिगड़ने का खतरा उत्पन्न हो ऐसे लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस दौरान मिस्बाहुद्दीन, जमील अहमद, कमलेश यादव, इरफान अहमद, राम कुमार,राजेश, धर्मेंद्र कुमार, उप निरीक्षक श्रवण कुमार यादव, हरि राय, मैनेजर यादव, राम सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, मनोज कुमार यादव मौजूद रहे। इसके अलावा थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में बकरीद (ईद उल अजहा) को लेकर पीस कमेटी की बैठक की गई। त्योहार को सकुशल एवं शांति पूर्ण संपन्न कराए जाने व प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों/आदेशों को अवगत कराया। उपनिरीक्षक अशोक कुमार, नंदलाल सरोज, रमाकांत यादव, विरेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल संभू यादव, विजय यादव, कांस्टेबल शैलेश कुमार, पंकज यादव, शिवम आदि थे।



कप्तानगंज में पीस कमेटी की बैठक करते तहसीलदार इन्द्रमणि त्रिपाठी, सीओ विनय कुमार चौहान ● जागरण

# दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**बनकटी।** लालगंज थाना क्षेत्र के थाल्हापार गांव निवासी हसीना खातून पुत्री सिराजुद्दीन की तहरीर पर रविवार को देर शाम लालगंज पुलिस ने संतकबीरनगर जिले के दुधारा थानाक्षेत्र के भरवलिया पांडेय गांव निवासी पति मोहम्मद अजीम, ससुर मेंहदी हसन व जेठ मोहम्मद करीम तथा जेठानी मरियम बानो उर्फ रुबीना के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। संवाद

# दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बनकटी।** लालगंज थाना क्षेत्र के थाल्हापार गांव निवासी हसीना खातून पुत्री सिराजुद्दीन की तहरीर पर रविवार को देर शाम लालगंज पुलिस ने संतकबीरनगर जिले के दुधारा थानाक्षेत्र के भरवलिया पांडेय गांव निवासी पति मोहम्मद अजीम, ससुर मेंहदी हसन व जेठ मोहम्मद करीम तथा जेठानी मरियम बानो उर्फ रुबीना के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

शादी पिछले साल 24 मई को मुस्लिम रीति रिवाज के साथ भरवलिया पांडेय निवासी मोहम्मद अजीम पुत्र मेंहदी हसन के साथ हुई थी। हसीना का आरोप है कि विवाह के कुछ ही दिन बाद पति, ससुर व जेठ तथा जेठानी एक राय होकर दहेज के तौर पर एक लाख रुपये की मांग करने लगे। 15 जून को मार पीटकर ससुरालियों ने भगा दिया। तहरीर का संज्ञान लेते हुए लालगंज पुलिस ने दहेज निषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।



लालगंज थानाक्षेत्र में महिला आरक्षियों ने कपसौना में मिशन शक्ति के तहत लोगों को किया जागरूक। संवाद

# मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

**बनकटी।** लालगंज थानांतर्गत कपसौना, पसड़ा व खोरिया में मिशन शक्ति के तहत रविवार को चौपाल लगाकर कर महिला पुलिस ने लोगों को जागरूक किया।

महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 108, 112, 1076, 1098 आदि के बारे में जागरूक किया। उन्हें मातृ वंदना योजना, विधवा पेंशन, अंत्योदय योजना, आयुष्मान भारत आदि योजनाओं के बारे में आरक्षी स्वीकृति मिश्रा व प्रिया मिश्रा ने बताया। संवाद

# गोलीकांड में दूसरे पक्ष की तहरीर पर क्रास केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**पैकोलिया।** घटना के एक सप्ताह बाद भी गोली कांड के आरोपी पुलिस पकड़ से दूर हैं। वहीं पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर क्रास केस दर्ज किया है।

पैकोलिया थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव में विगत 27 जून को जमीन के विवाद को लेकर गोली चलने की सनसनीखेज वारदात सामने आई थी। जिसमें एक महिला के पैर में गोली लगी और वह जमीन पर गिर गई थी।

पुलिस ने पीड़िता के पति सीताराम की तहरीर पर सात लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास, लूट समेत संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी घायल महिला का चिकित्सीय परीक्षण नहीं कराया गया। न ही किसी आरोपी की गिरफ्तारी ही की गई। पुलिस ने एक सप्ताह बाद दूसरे पक्ष की गीता देवी पत्नी शिव मूर्ति वर्मा की तहरीर पर अनिल कुमार, अंशु वर्मा, सीताराम व गोली से घायल वंदना पत्नी सीता राम के विरुद्ध अपशब्द कहने, जान से मार देने की धमकी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज किया।

## भैरोपुर गांव में 27 जून को जमीन विवाद में चली थी गोली

थानाध्यक्ष पैकोलिया दुर्गेश पांडेय ने बताया कि दूसरे पक्ष की तहरीर पर क्रास केस दर्ज किया गया है। दोनों मुकदमों की विवेचना चल रही है। घटना की सच्चाई सामने आने पर अगली कार्रवाई की जायेगी। मेडिकल जांच प्रकिया में है।

# सरेराह अश्लील हरकत करने में छह नामजद

संवाद न्यूज एजेंसी

**पैकोलिया।** थानाक्षेत्र के बेलभरिया बाजार में लड़की के साथ अश्लील हरकत व मोबाइल से वीडियो बनाने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पैकोलिया पुलिस ने घटना के 12 बाद दिन छह लोगों पर दलित उत्पीड़न व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है ।

थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक बस्ती को दिनांक 27 जून को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि दिनांक 21 जून को मेरी बेटी रिश्तेदार के साथ अपने मां के पास दोपहर में जा रही थी। बेलभरिया बाजार में मदनापुर गांव निवासी संजय सिंह व सूरज सिंह, हेमंत सिंह, अमन सिंह, बब्लू तथा इमिलियाधीस निवासी प्रेम सड़क पर खड़े थे। सभी आरोपी लड़की को अपशब्द कहते हुए मोबाइल से

## 27 जून को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर लगाया था आरोप

वीडियो बनाने लगे। मोटर साइकिल से हाथ पकड़ कर जबरदस्ती खींचने लगे और अश्लील हरकत करने लगे। यह भी कहे कि मोबाइल से बनाया वीडियो वायरल कर देंगे। जाति-सूचक शब्द कहकर अपमानित भी किया। उलाहना देने पर लोगों ने एक राय होकर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने उक्त लोगों पर दलित उत्पीड़न, छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा शनिवार को दर्ज किया है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी हर्रैया के पास भेज दी गई है।

सकत हैं।

# देश विरोधी नारे लगाने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** सोशल मीडिया पर देश विरोधी नारे लगाने वाले वायरल वीडियो में दिख रहे दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

एसओ योगेश सिंह ने बताया कि नारा लगाते हुए वीडियो वायरल करने वाले दूसरे आरोपी अखिलेश मोदनवाल निवासी सरैया भरटोला थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती को वन विहार शेखपुरा मोड़ से रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। पहले मुख्य आरोपी शमशेर को शनिवार को ही गिरफ्तार किया गया था। दोनों के विरुद्ध वाल्टरगंज थाने में धार्मिक भावना भड़काने, देश विरोधी नारे लगाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। टीम में थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश सिंह, एसआई इन्द्रभूषण सिंह, आरक्षी विनोद, बलवंत यादव, विद्यासागर यादव थाना वाल्टरगंज शामिल रहे। संवाद

# टॉप टेन अपराधी समेत तीन गिरफ्तार

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने थाने के टॉप टेन में चिह्नित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि टॉप टेन में चिह्नित व एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित वारन्ट में आरोपी अफरोज निवासी गन्धरिया फैज थाना वाल्टरगंज को टीम ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। वहीं समसुद्दीन निवासी मझौवामीर थाना वाल्टरगंज को मझौवामीर से धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। वहीं मुंडेरवा पुलिस नेआबकारी अधिनियम व आईपीसी से सम्बन्धित की वांछित आरोपी रीना निवासी करवल कालोनी किठुरी थाना मुण्डेरवा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

**वाल्टरगंज पुलिस को किया गया सम्मानित :** देश विरोधी नारे लगाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में वाल्टरगंज पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर विश्व हिन्दू महासंघ गदगद है। रविवार को थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह व चौकी प्रभारी गनेशपुर इन्द्रभूषण सिंह को विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह व उनकी टीम ने सम्मानित किया। संवाद

# जेवरात उड़ाने वाले टप्पेबाजों पर मुकदमा

**परशुरामपुर।** स्वर्ण व्यवसायी को झांसा देकर जेवरात लेकर फरार होने के मामले में पुलिस ने दो अज्ञात आरोपियों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

परशुरामपुर थाने के जगदीशपुर निवासी दिनेश कुमार ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि कोहराएं चौराहे पर बर्तन व सराफा की दुकान है। शनिवार को दिन में आए बाइक सवार दो लोगों ने सोने का लॉकिट दिखाने को कहा। इसी दौरान झांसा देकर उनमें से एक ने कोई पाउडर फेंका, जिससे कुछ मिनट के लिए वह बेसुध हो गया।

इसके बाद लॉकिट का डिब्बा जिसमें 11 पीस लॉकिट व अन्य सोने के जेवरात थे, दोनों लेकर फरार हो गए। पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत केस दर्ज किया है। संवाद

# जाम से निजात के लिए यातायात विभाग ने बढ़ाई चौकसी

## फव्वारा चौराहे से लेकर रोडवेज तक हुई नाकेबंदी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर में लग रहे जाम से राहत दिलाने के लिए यातायात उप निरीक्षक कामेश्वर सिंह ने रविवार को जगह-जगह जवानों को तैनात किया। इस दौरान वह खुद भी निगरानी करते रहे और टीमें भी सतर्क रहीं। अगर ऐसी ही स्थिति बनी रही तो यह राहगीरों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी।

शहर के कटरा पानी की टंकी से फव्वारा चौराहा होकर मालवीय रोड व रोडवेज तक हर वक्त जाम लगा रहता है। परिणाम यह होता है कि इस दौरान फंसे राहगीर व्याकुल होने लगते हैं।

इस मार्ग को फोरलेन में तब्दील करने का प्रस्ताव अभी तक शासन में उलझा पड़ा है, नतीजतन राहगीरों को सुबह से लेकर देर शाम तक जाम से जूझना पड़ता है। इसको देखते हुए ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर कामेश्वर सिंह ने फौरी तौर पर तीन टीमों का गठन किया है, जो मौके पर जाम वाली जगहों पर पहुंच कर यातायात व्यवस्था बहाल रखेंगी। सब इंस्पेक्टर ने बताया कि जगह-जगह स्थानीय दुकानदारों व भवन स्वामियों को भी मोबाइल नंबर दिया गया है कि जैसे ही जाम लगता है और टीम नहीं मौजूद हो पाई है तो वह तत्काल सूचना दें ताकि जाम न लगने पाए।




फव्वारा चौराहे पर यातायात व्यवस्था की निगरानी करती ट्रैफिक पुलिस। संवाद

# कांवड़ व बकरीद के लिए थाने में हुई बैठक

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर थाना परिसर में ईदुलजुहा (बकरीद) व कांवड यात्रा को कराने के लिए एसडीएम शैलेश दुबे ने शांति सुरक्षा समिति की बैठक की।

परंपरागत रूप से कुर्बानी करने और कोई नई परंपरा न कायम करने, सफाई, पानी, बिजली जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। एसडीएम ने कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न की जाए, न तो कोई नई परंपरा कायम करें। कुर्बानी के अवशेष इधर-उधर नालियों या सार्वजनिक जगहों पर न फेंके। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा व बकरीद का त्योहार भाईचारे के साथ मनाएं। इरफान अहमद, रविंद्र कुमार, मिस्बाहुद्दीन, कमलेश यादव, उप निरिक्षक हरि राय, त्रिभुवन यादव, राम सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# दस दिन बाद चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**परशुरामपुर।** चोरी की घटना में 10 दिन बाद परशुरामपुर पुलिस ने तब मुकदमा दर्ज किया जब पीड़ित ने सोशल मीडिया का सहारा लेकर घटना के संदर्भ में उच्च अधिकारियों से शिकायत की। एसओ अरविंद कुमार शाही ने बताया कि शुरू में पूछताछ के डर से पीड़ित मुकदमा दर्ज नहीं करवाना चाहता था। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

पीड़ित मजगंवा निवासी मिथिलेश पांडेय ने बताया कि बीते 21 जून की रात उनका परिवार खा पीकर सोया था। बहू अपने मायके गई थी। सुबह जगने के बाद घर में गए तो देखा कि

## पूछताछ के डर से पीड़ित मुकदमा दर्ज नहीं करवाना चाहता था

सामान बिखरे पड़े हैं। सूचना पाकर मायके से आई बहू ने सामान की पड़ताल की तो पता चला कि दो झुमकी, एक अंगूठी, छह नाक की नथ, एक पाजेब, दो बिछुआ के अलावा दस हजार रुपये नकदी गायब है। मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कार्यवाही न होते देख पीड़ित के पुत्र ने सोशल मीडिया के माध्यम से उच्च अधिकारियों को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने आनन फानन में पीड़ित को बुलाकर मामले में मुकदमा पंजीकृत किया।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-07-2022

# पीस कमेटी की बैठक

**भवानीगंज।** आगामी त्योहार बकरीद को लेकर भवानीगंज थानाध्यक्ष महेश सिंह के नेतृत्व में थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त नागरिक,धर्मगुरु, वीडीसी सदस्य आदि लोग मौजूद रहे।इस मौके पर मौजूद लोगो को संबोधित करते हुये थानाध्यक्ष महेश सिंह ने त्योहार के सम्बंध में उच्च स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशों को अवगत कराया तथा त्योहार के संबंध में आवश्यक सभी बाते बताई गई।इस मौके पर उपस्थित लोगों से त्योहार में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह कटिबद्ध है हर गतिविधि पर पुलिस निगरानी रख रही है। उच्च अधिकारियों द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के क्रम में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च भी किया जा रहा है। इस मौके पर जागराम यादव,संतोष सैनी,जगदेव प्रसाद, शफीउल्ला,काजी मौलाना, इमरान अहमदमो.अनीस,सहित वरिष्ठ उपनिरीक्षक पा शंकर मौर्या,उपनिरीक्षक ज़य प्रकाश, उपनिरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# लूट के मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले के छानबीन में जुटी पुलिस

**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया से गौरा मार्ग पर दो जुलाई को हुई लूट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले के छानबीन में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक चिल्हिया थाना क्षेत्र के सुकरौली गांव निवासी रोहित नंदन सिंह रात को कहीं से घर लौट रहे थे। उनके पास साढ़े सोलह लाख रुपये नकद था। अज्ञात बदमाशों ने असलहा के बल पर परैया पुल के पास नकदी छीनकर फरार हो गए। एसपी अमित कुमार आनंद ने तीन टीमों को गठन करते हुए मामले के जल्द पर्दाफाश करने के निर्देश दिये हैं। पुलिस पीड़ित से पता लगाने में जुटी है कि आखिर यह रकम उनके पास कहां से आई। वह इसे कहा लेकर जा रहे थे। एसपी ने बताया कि मामले के अनावरण के लिए सर्विलांस सेल और चिनल्हिया थाने को लगाया गया है। एक टीम सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# भाईचारे के साथ मनायें बकरीद

**शोहरतगढ़(एसएनबी)।** थाना सभागार में एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में आगामी ईदुल अजहा त्योहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें लोगों से ईदुल अजहा के पर्व को आपसी सौहार्द के माहौल में मिलजुल कर मनाने की अपील की गई।

## कुर्बानी के बाद खुले में अवशेष न फेंकने के दिए निर्देश



पीस कमेटी की बैठक करते एसडीएम व सीओ। फोटो : एसएनबी

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि त्योहार को आपस में मिलजुल भाईचारे के साथ मनाएं। खुले में और प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी कत्तई न करें। कुर्बानी के बाद जानवर के अवशेष को खुले में न डाले जाने पर विशेष ध्यान रखते हुए उनका उचित निस्तारण करें। सीओ हरिश्चंद्र ने कहा कि पर्व के दौरान कहीं से भी किसी तरह की अप्रिय घटना की जानकारी मिलने पर, उसकी सूचना थाना को तत्काल दें। ऐसे मौकों पर आपसी सौहार्द को बिगाड़ने के लिए तरह-तरह की अफवाह भी फैलायी जाती है। ऐसी अफवाहों को नजरअंदाज करते हुए उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि समय रहते ऐसे लोगों पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस दौरान थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, खुनुवा चौकी इंचार्ज महेंद्र चौहान, एएसआई मनोज कुमार श्रीवास्तव, रामा प्रसाद यादव, अल्ताफ हुसैन, नईमुदीन, रहमत अली, मनोज कुमार गुप्ता, ब्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल, राजेन्द्र कुमार, दिलीप बर्मा, गोपाल फौजी, राज चौरसिया, नवी सरवर आदि लोग मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि पर कब्जा करने में जुटे माफिया

भड़रिया बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। सरकारी जमीन से अतिक्रमण खाली करवाने के बाद प्रशासन के जिम्मेदारों की शिथिलता से फिर से अतिक्रमणकारी कब्जा करने में जुट गए हैं। इनके हौंसले इतने बुलंद हैं कि वे डुमरियागंज तहसील मुख्यालय पर स्थित ब्लॉक, राजकीय पौधशाला और बीज विकास निगम की बाउंड्री और रोड पटरी पर दुकानें बनाने लगे हैं। इससे फिर से लोगों को सड़क जाम और पार्किंग की समस्या से दोचार होना पड़ेगा।

- राजकीय पौधशाला और सड़क की पटरियों पर बनाने लगे दुकान
- स्थायी अतिक्रमण को एसडीएम की मौजूदगी में करवाया गया था खाली

"सरकारी भूमि पर कब्जा किसी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। हटाए गए अतिक्रमण के स्थान पर यदि दोबारा अतिक्रमण किया जा रही है तो जुर्माना के साथ-साथ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

– विकास कश्यप, एसडीएम"

इस भूमि को आठ जून को अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर चलाकर खाली कराया गया था। अब अतिक्रमणकारी फिर से कब्जा कर दुकान संचालित कर रहे हैं। नगर के अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव, निजामुद्दीन, अन्नू प्रताप आदि का कहना है कि अगर सड़क के फुटपाथ पर अतिक्रमणकारी दुबारा काबिज हो गए तो फिर से जाम और वाहनों के पार्किंग की समस्या बढ़ने के साथ ही हादसे की भी संभावना बढ़ जाएगी। लोगों ने अतिक्रमण को हटवाने और कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बीडीओ अमित सिंह ने बताया कि पीडब्ल्यूडी को पत्र भेजकर अपनी जमीन के चिन्हांकन को कहा गया है। इसके बाद बाउंड्री बनाकर उस्का सुन्दरीकरण कराया जाएगा। सीओ अजय श्रीवास्तव ने कहा एसडीएम के निर्देश के बाद अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# लूट का केस दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

चिल्हिया। चिल्हिया थाना क्षेत्र के गौरा मार्ग पर परैया पुल पर 14 जून की सुबह साढ़े सोहल लाख की लूट के मामले में चिल्हिया पुलिस ने दो जुलाई को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित ने दो जुलाई को ही तहरीर दी है। चिल्हिया थाना क्षेत्र के सुकरौली गांव निवासी रोहित नन्दन सिंह ने चिल्हिया थाने में शनिवार को तहरीर दी कि 14 जून को चिल्हिया से गौरा मार्ग के बीच परैया पुल पर कुछ बदमाशों ने मुझसे साढ़े सोलह लाख की छिनैती की थी। उसने बताया कि वह मसाले का व्यापार करता है। 14 जून को बाइक से बैग में रखकर पैसा गोरखपुर देने ले जा रहे थे कि रास्ते में लूट हो गई।

# हादसे में महिला घायल तीन बाल-बाल बचे

भड़रिया बाजार। भवानीगंज थाना क्षेत्र के भड़रिया चौराहे के दलमीरडीह मोड़ के पास रविवार की शाम साइकिल सवार को बचाने में एक स्कार्पियो बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। इसमें स्कार्पियो सवार एक महिला घायल हो गई जबकि मासूम समेत तीन लोग बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्कर्पियो को कब्जे में लेकर घायल को सीएचसी बेंवा पहुंचाया।

भवानीगंज थाना क्षेत्र के इटई रामपुर गांव के हाजीडीह निवासी ननकऊ की पत्नी प्रानपति (60) अपनी ननद रूपा के बीमार पुत्र शिवम (3) को स्कार्पियो से बस्ती दिखाने ले गई थी। वह दिखाकर घर लौट रही थी कि शाम पांच बजे भड़रिया चौराहे के दलमीरडीह मोड़ के पास साइकिल सवार को बचाने में स्कार्पियो सड़क के किनारे पेड़ से जा टकराई। इसमें प्रानपति 60 सिर में चोट लगने की वजह से घायल हो गई। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने कहा कि पुलिस ने महिला को सीएचसी में भर्ती करा दी है।

# पेड़ काटने को लेकर भाइयों में हुई मारपीट

बांसी। खेसरहा थाना क्षेत्र के रिउना गांव में रविवार को पेड़ काटने को लेकर दो भाइयों में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया।

रिउना गांव के मनीराम व राम सजीवन पुत्र गयाराम के बीच जमीन का बंटवारा बहुत पहले हुआ था। मनीराम के घर के सामने एक बबूल का पेड़ झुक गया था। इससे आने जाने में परेशानी होती थी। मनीराम पेड़ काट कर रास्ता साफ करना चाह रहा था। जैसे ही वह पेड़ काटना शुरू किया उसका भाई राम सजीवन मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया।

# 36 वाहनों का हुआ चालान

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान रविवार को कागजात में खामियां मिलने, यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 36 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 37500 रुपये शमन शुल्क वसूली की कार्रवाई की गई। विभाग का कहना है कि यातायात नियमों के पालन करने को लेकर आगे भी अभियान चलाया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

# नशीली गोली के साथ युवक दबोचा

सिद्धार्थनगर। मोहाना पुलिस ने रविवार को चेकिंग अभियान में फसादीपुर बाग से 160 नशीली गोली व चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में उसकी पहचान नेपाल के रुपनदेही जिले के लुम्बिनी के सांस्कृतिक नगर पालिका वार्ड नबर 13 कालीदाह निवासी जियाउद्दीन पुत्र जैनुद्दीन के रूप में हुई।

# तीन परिवारों को बिखरने से बचाया

सिद्धार्थनगर। महिला थाना पर रविवार को आयोजित नई किरण में तीन परिवार को बिखरने से बचाया गया। नई किरण में रविवार को चार मामले आए।

इसमें से सुलह समझौते के आधार पर तीन परिवार बिखरने से बच गए। इसमें बिस्कोहर कस्बे की रुबीना पत्नी करम हुसैन, लोटन क्षेत्र के करमहा गांव निवासी प्रभा देवी पत्नी दिलीप व खेसरहा क्षेत्र के बनगांवा गांव निवासी लालती देवी पत्नी अनिल संग रहने को राजी हो गए। महिला थानाध्यक्ष मीरा चौहान, सविता सिंह, अनिशा सरोज, नेहा सिंह आदि मौजूद रहीं।




भवानीगंज थानाध्यक्ष महेश सिंह ने रविवार को बकरीद को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक की।

# शांति व सौहार्द के साथ मनाएं बकरीद

बयारा। आगामी त्योहार बकरीद को लेकर भवानीगंज थानाध्यक्ष महेश सिंह के नेतृत्व में रविवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें सभी से शांति व सौहार्द के साथ बकरीद का पर्व मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में अमन व शांति कायम रहे इसके लिए त्योहार को मिल जुलकर मनाना चाहिए। किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या आए तो पुलिस की मदद लें। उन्होंने कहा कि पुलिस असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है।

# वसूली से जुड़े 39 मामलों का निस्तारण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रविवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर में किया गया। वसूली से जुड़े 39 वादों का निस्तारण सुलह- समझौते के आधार पर किया गया।

अदालत में आरबीट्रेशन निष्पादन वादों के संदर्भ में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार शर्मा ने 11 वाद,अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश शकील उर्रहमान खान की कोर्ट में पांच, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश हिमांशु दयाल श्रीवास्तव 14, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश- फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम कामेश शुक्ल की कोर्ट में पांच, द्वितीय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश- फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय बृजेश कुमार ने चार वादों का निस्तारण किया।




विशेष लोक अदालत में उपस्थित न्यायिक अधिकारी ● जागरण

**चिल्हिया थाना क्षेत्र में लूट के मामले में मुकदमा:** सिद्धार्थनगर, चिल्हिया से गौरा मार्ग पर दो जुलाई बुधवार को हुई लूट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। चिल्हिया थाना क्षेत्र के सुकरौली गांव निवासी रोहित नंदन सिंह रात को कहीं से घर लौट रहे थे। उनके पास साढ़े सोलह लाख रुपये नकद था। अज्ञात बदमाशों ने असलहा के बल पर परैया पुल के पास नकदी छीनकर फरार हो गए। एसपी अमित कुमार आनंद ने तीन टीमों को गठन करते हुए मामले के जल्द पर्दाफाश करने के निर्देश दिये हैं। पुलिस पीड़ित से पता लगाने में जुटी है कि आखिर यह रकम उनके पास कहां से आई। वह इसे कहा लेकर जा रहे थे। एसपी ने बताया कि मामले के अनावरण के लिए सर्विलांस सेल और चिनल्हिया थाने को लगाया गया है। एक टीम सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# आनलाइन पोल से एडीजी जानेंगे पुलिस की कार्यप्रणाली

पुलिस की राय जानने के लिए बार कोड को स्कैन कर दर्ज कर सकते हैं राय

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** प्रदेश की पुलिस की परफार्मेंस अभी तक अपराधों के आंकड़े से तय करते आए हैं, लेकिन अब उसके साथ-साथ जनमत से तय होने लगा है। पुलिस जिले में कैसा काम कर रही है। विभिन्न डिजिटल मंच पर लोग पुलिस के विषय में अपनी राय अप्रैल की पहली तारीख से सात तारीख के बीच दे रहे हैं। उसके बाद पुलिस के कार्य की ग्रेडिंग तय की जा रही है। विभाग की ओर से जारी बार कोड को स्कैन करके भी कोई भी व्यक्ति अपनी राय दे सकेगा।

**फेसबुक व ट्विटर पोल से:** जिले के बारे में एडीजी पुलिस के बारे में ट्विटर व फेसबुक पर लोगों की राय जानेंगे। इस पर पुलिस के हैंडल पर पोल का आप्शन दिया जाएगा। उन विकल्प में अच्छा, सामान्य, बहुत बढ़िया व कोई राय नहीं के विकल्प दिया जाएगा। लोग एक विकल्प चुनकर अपनी राय दे सकते हैं। सात दिनों के अंत में जो औसत आएगा, वही उस जिले का नंबर होगा। उसी नंबर के हिसाब से तय होगा कि उस जिले की पुलिस के काम को लोग पसंद कर रहे है या नहीं।

**आइजीआरएस पोर्टल भी माध्यम:** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली पर जो भी शिकायतें दर्ज होती हैं, उसके निस्तारण के साथ पीड़ित की राय भी दर्ज होती है। इस पोर्टल पर जो भी शिकायत दर्ज होती है, उसका डेटा हर महीने जोन कार्यालय में आता है। एडीजी अखिल कुमार उस डेटा को हर महीने निकलवाकर यह देखेंगे कि प्रतिमाह कितने लोग पुलिस के कार्य से संतुष्ट हैं।

इस पोल को डिजिटल प्लेटफार्म के अन्य माध्यमों जैसे वाट्सएप ग्रुपों व बीट पुलिसकर्मियों के वाट्सएप ग्रुप पर लिंक भेजकर भी कराया जाएगा। इतनी ही नहीं इस पोल को कराने के लिए अखबारों व इंटरनेट मीडिया न्यूज एप में क्यूआर कोड का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इसके जरिये भी जनता पोल कर सकती है।

> पुलिस के लिए जनता की राय अहम है। सभी को पुलिस की कार्यप्रणाली पर अपनी राय देनी चाहिए, ताकि जरूरत होने पर कार्य प्रणाली में सुधार किया जा सके।
> **अमित कुमार आनंद**, एसपी



## एक नजर में

# त्योहार में अराजकता फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**बढ़या :** रविवार को कठेला समय माता थाना परिसर में ईद उल अजहा ( बकरीद ) को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सौदागर राय ने की। क्षेत्रीय ग्राम प्रधान, बीडीसी व सम्मानित व्यक्तियों से अनुरोध किया कि कोई भी व्यक्ति अराजकता न फैलाने पाए, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो या फिर आपसी भाईचारे पर असर पड़े। (जासं)

# आपसी सौहार्द के साथ मनाएं बकरीद : एडीएम

शोहरतगढ़ : आगामी बकरीद त्योहार को सकुशल कराने को लेकर थाना सभागार में एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव व सीओ हरिश्चंद्र के नेतृत्व में रविवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें लोगों से बकरीद के पर्व को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। उपजिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार को मिलजुल कर मनाए, खुले में और प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के अवशेष को खुले में न डालें। उचित निस्तारण हो इस चीज का विशेष ध्यान रखा जाना है। सीओ हरिश्चंद्र ने कहा कि बकरीद पर कहीं से भी किसी तरह की अप्रिय घटना की जानकारी मिलती है, तो उसकी सूचना थाना को तत्काल दें। ऐसे मौकों पर आपसी सौहार्द को तोड़ने के लिए तरह-तरह की अफवाह भी फैलायी जाती है। ऐसी अफवाहों को नजरअंदाज करते हुए उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि समय रहते त्वरित कार्रवाई की जा सके। थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, खुनुवा चौकी इंचार्ज महेंद्र चौहान, एएसआइ मनोज श्रीवास्तव, रामा प्रसाद यादव, अल्ताफ, नईमुदीन, रहमत अली, मनोज कुमार गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल, राजेन्द्र कुमार आदि रहे। (जासं)

# 16.50 लाख रुपये लूट का आरोप, केस दर्ज

**शोहरतगढ़।** चिल्हिया थाना अंतर्गत चिल्हिया से गौरा मार्ग पर परैया पुल पर 16.50 लाख रुपये लूट का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने चिल्हिया थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज करके पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना 14 जून रात की बताई जा रही है।

क्षेत्र के सुकरौली गांव के रोहित नंदन सिंह ने चिल्हिया थाना क्षेत्र में शनिवार रात में तहरीर देकर बताया कि बीते 14 जून को चिल्हिया से गौरा मार्ग के बीच परैया पुल कुछ बदमाशों ने उनसे साढ़े सोलह लाख रुपये छीन लिए थे।

इस संबंध चिल्हिया थाने के एसओ राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

# खुले में और प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो

शोहरतगढ़। बकरीद को सकुशल संपन्न कराने के लिए शोहरतगढ़ थाना सभागार में उपजिलाधिकारी व सीओ के नेतृत्व में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान लोगों से बकरीद को सौहार्द के माहौल में मनाने की अपील की गई।

उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि त्योहार को मिल-जुल कर मनाएं। खुले में और प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के अवशेष को खुले में न डालें। संवाद

# शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की



कठेला में पैदल मार्च करती मिश्रौलिया थाना की पुलिस। संवाद

**पकड़ी बाजार।** त्योहार शांतिपूर्ण मनाने एवं सुरक्षा के लिए थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह की अगुवाई में मिश्रौलिया एवं कठेला थाने की पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को मार्च किया।

पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। बकरीद के त्योहार को देखते हुए मिश्रौलिया थाना प्रभारी घनश्याम सिंह की अगुवाई में मिश्रौलिया एवं कठेला पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को मिश्रौलिया कस्बा, कठेला, खड़सरी बाजार सहित अन्य जगहों पर मार्च किया। पुलिस ने शांति पूर्वक त्योहार को मनाने की अपील की। इस दौरान एसओ कठेला सौदागर राय भी मौजूद रहे। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-07-2022

# एक पहल साथ-साथ कार्यक्रम में तीन परिवार एक हुए

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। मिशन शक्ति अभियान के तहत टूटते परिवारों को जोड़ने की एक पहल साथ-साथ कार्यक्रम में पुलिस टीम ने तीन परिवारों को बिखरने से बचाया।

जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में कुल तीन मामलों की सुनवाई कर सभी मामलों में सुलह समझौता करवाया गया। कमलावती पुत्री ओमप्रकाश ग्राम तेनुआ राय थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष राजेश्वर पुत्र रामप्रवेश निवासी ग्राम कटाई टीकर थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर, लक्ष्मीना पत्नी बलवन्त निवासी चंगेरा मंगेरा थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती व द्वितीय पक्ष बलवन्त पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी उपरोक्त, मालती देवी पत्नी श्याम सुन्दर निवासी करिया सिंह थाना दुधारा व द्वितीय पक्ष श्याम सुन्दर पुत्र राममिलन निवासी उपरोक्त के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंच गया था। खुशी-खुशी सभी लोग अपने-अपने घर को रवाना हुए। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना तीन परिवारों को बिखरने से बचाया।

# शोहदों की धरपकड़ को चला अभियान

संतकबीरनगर। जनपद की एंटी रोमियो टीम ने शोहदों की धर पकड़ के लिए चेकिंग अभियान चलाया। मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान को देखते हुए जगह-जगह जांच की गई। थाना क्षेत्र के स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, कस्बों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल आदि के आस-पास गश्त व चेकिंग की। बालिकाओं, छात्राओं व महिलाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन के बारे में जानकारी दी।

# जेई पर हमले के वांछित को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने बिजली विभाग के जेई पर हमले के वांछित को दबोचने में कामयाबी पाई। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने सात सीएलए एक्ट समेत अन्य धारा के वांछित आरोपित अभियुक्त गोविन्द चौरसिया पुत्र स्वर्गीय रामजियावन चौरसिया निवासी बरईटोला हाल मुकाम मुन्डा कोड़रा टोला पिपरही थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार बिजली विभाग के जेई अमित सिंह 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद 27 जून को बरईटोला में कनेक्शन जांच कर रहे थे। उसी दौरान दिनांक विद्युत बकाया जमा न करने पर विद्युत लाइन काटने को लेकर गाली गलौज करते हुए अभियुक्त गोविन्द चौरसिया ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया था। इसके साथ ही आरोपित ने जानमाल की भी धमकी दी। मामले में जेई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। इस मामले में जेई संगठन ने कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर कार्रवाई की। आरोपित अभियुक्त गोविन्द चौरसिया को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय रवाना कर दिया।

# दुष्कर्म के आरोपित सिपाही को पुलिस ने भेजा जेल

- मामले में एक महिला ने एसपी से की थी शिकायत
- एसपी के निर्देश पर सिपाही पर मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में आरोपित सिपाही को गिरफ्तार करने के बाद जेल रवाना कर दिया। मामले में एक महिला होमगार्ड ने एसपी को पत्र भेजकर शिकायत की थी।

पुलिस लाइन में तैनात महिला होमागार्ड ने सिपाही अभिषेक सिंह निवासी गाजीपुर थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर पर 29 जून को अपने साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर एसपी को पत्र देकर शिकायत की थी। एसपी के निर्देश पर सिपाही अभिषेक सिंह के विरुद्ध कोतवाली खलीलाबाद में मुकदमा दर्ज कराया गया था। महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपित अभियुक्त अभिषेक सिंह निवासी गाजीपुर थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया।

# घायल महिला को उपचार के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। पीआरवी 3302 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर से किसी ने एक लावारिश महिला के घायल अवस्था में मिलने के संबंध में सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर घायल महिला को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को सूचित किया।

# साइबर क्राइम को लेकर पुलिस ने महिलाओं व पुरुषों को किया जागरूक

**जासं,बखिरा,संतकबीर नगर:** बखिरा थाने के उप निरीक्षक प्रमोद यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार को नंदौर, बखिरा सहित अन्य जगहों पर पहुंची। साइबर क्राइम पर प्रभावी नियत्रंण के लिए महिलाओं व पुरुषों को जागरूक किया। उप निरीक्षक ने इंटरनेट बैंकिंग, आनलाइन फ्राड से बचने के लिए लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, वाट्सएप आदि के जरिए साइबर अपराध हो रहे हैं। सिम व एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट व क्रेडिट कार्ड के जरिए ठगी की जा रही है। आनलाइन सामान खरीदने व बेंचने के दौरान भी ठगी हो रही है। यदि कोई दिक्कत हो तो साइबर क्राइम के हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। इस पर तुरंत उचित कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने पुलिस कर्मियों के साथ किया पैदल मार्च

**जासं, संतकबीर नगर:** एसपी सोनम कुमार ने रविवार को पुलिस कर्मियों के साथ खलीलाबाद शहर में पैदल मार्च किया। एसपी ने व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस कर्मियों व पीएसी के साथ पैदल मार्च कर रहे एसपी ने रविवार को कोतवाली खलीलाबाद थाना के खलीलाबाद बाईपास, मुखलिसपुर तिराहा, गोला बाजार, बैंक चौराहा, सुगर मिल रोड आदि स्थानों पर पैदल मार्च किया। एसपी ने लोगों से कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों के विरुद्ध पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

अफवाहों पर कदापि ध्यान न दें। अफवाह फैलाने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। पैदल मार्च के दौरान सीओ खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद, उप निरीक्षक हृदय नारायण दीक्षित, वीरेंद्र कुमार मिश्र, एसएसआई राकेश मिश्र के अलावा अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# जेई पर हमले का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**संतकबीरनगर।** अवर अभियंता विद्युत विभाग पर जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कोतवाल विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि विद्युत निगम के अवर अभियंता अमित सिंह 27 जून को खलीलाबाद शहर के बरईटाला में विद्युत चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान विद्युत बकाया जमा न करने पर विद्युत लाइन काटने को लेकर गोविंद चौरसिया निवासी बरईटोला ने गाली-गलौज करते हुए अवर अभियंता को जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया गया था। अवर अभियंता की तहरीर पर गोविंद चौरसिया पर केस दर्ज किया गया था। रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# 49 वाहन स्वामियों से 39 हजार की राजस्व वसूली

संतकबीरनगर। रविवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 49 वाहनों के कागजात में कमी मिलने पर 39,000 रुपये की राजस्व वसूली की गई। एसपी सोनम कुमार ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद, मेंहदावल, बखिरा, धर्मसिंहवा, बेलहर, दुधारा, धनघटा व महुली थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 49 वाहनों के कागजात में कमी मिलने पर वाहन स्वामियों से 39,000 रुपये की राजस्व वसूली की गई। एसपी ने बताया कि दुपहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर लगाएं। चार पहिया सवार लोग सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी सिपाही गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** महिला होमगार्ड से जबरिया दुष्कर्म किए जाने के मामले में दर्ज केस में रविवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सिपाही को जेल भेज दिया है।

कोतवाल विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि महिला होमगार्ड ने पुलिस लाइंस में तैनात सिपाही अभिषेक सिंह पर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए जाने का आरोप लगाया था। पीड़िता नें रजिस्ट्री डाक के माध्यम से एसपी को प्रार्थनापत्र दिया था। इसके बाद सिपाही अभिषेक सिंह पर दुष्कर्म, पीटने, अपशब्द कहने और जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज किया गया था।

रविवार को सिपाही अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। सिपाही को जेल भेज दिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है। इस संबंध में एसपी सोनम कुमार ने बताया कि सिपाही को निलंबित कर दिया गया है।

## शांतिभंग में 26 लोग गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों रविवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान शांतिभंग की आशंका में 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एसपी सोनम कुमार ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने छह, धनघटा पुलिस ने 11, महुली पुलिस ने दो, मेंहदावल पुलिस ने दो, बखिरा पुलिस ने पांच लोगों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। संवाद

# शांतिभंग में 26 लोग गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों रविवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान शांतिभंग की आशंका में 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एसपी सोनम कुमार ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने छह, धनघटा पुलिस ने 11, महुली पुलिस ने दो, मेंहदावल पुलिस ने दो, बखिरा पुलिस ने पांच लोगों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। संवाद

# भाईचारे के साथ मनाएं ईद-उल-अजहा

संतकबीरनगर। रविवार को दुधारा थाना परिसर में ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष सर्वेश राय ने कहा कि ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए।

**दुधारा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई**

उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व पर सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से मनाए। किसी तरह की नई परंपरा की शुरुआत नहीं होगी। सभी लोग अपने अपने घरों पर ही बकरे कुर्बानी करेंगे। उन्होंने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का आह्वान किया है। कहा कि हम सभी को एक्-दूसरे के साथ सौहार्दपूर्ण वातारवरण में त्योहार मनाना चाहिए। किसी भी प्रकार का कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए कि किसी दूसरे की भावना को ठेस पहुंचे। इस दौरान उपनिरीक्षक अनिरुद्ध सिंह, मोहम्मद इनामुल्लाह कुरैशी, मुहम्मद शफीक, प्रदीप पांडेय, राम लखन गुप्ता, अदील अहमद उर्फ सद्दाम, योगेंद्र कुमार, ताजुद्दीन, मुहम्मद नईम, इकबाल अहमद, टीपू, राजेंद्र प्रताप, मुहम्मद असलम, राजेंद्र कुमार, करम हुसैन, शमीम अहमद, डॉ. फिरोज अख्तर, महफूज अहमद, अबरार अहमद, मुहम्मद हनीफ खां आदि मौजूद रहे। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-07-2022

# चोरी करने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

गोण्डा। कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाली के उपनिरीक्षक राकेश कुमार ओझा ने पुलिस टीम के साथ आरोपी साहिल निवासी लखनीपुर थाना इटियाथोक और संदीप मौर्या निवासी मलारी कोतवाली देहात को गिरफ्तार किया है। दोनो आरोपी नगर कोतवाली क्षेत्र में हुए चोरी के मामले में प्रकाश में आये थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 2 सिलेण्डर 2 भगौना भी बरामद किया है।

# गैंगरेप और धर्म परिवर्तन मामले में युवक गिरफ्तार

- धर्म परिवर्तन के बाद निकाह का विरोध करने पर युवती से हुई दरिंदगी
- 23 जून को पीड़िता को करनैलगंज स्टेशन पर छोड़कर भागे थे आरोपी

परसपुर, संवाददाता। क्षेत्र की युवती का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करने और विरोध पर गैंगरेप के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। उसके संभावित ठिकानों पर पुलिस दबिश दे रही है।

बीते 14 जून को शौच के लिए गई युवती को कुछ सुंघाकर दूसरे संप्रदाय के युवक ने अगवा कर लिया था। अचेतावस्था में उसे मुम्बई ले जाया गया। आरोप है कि वहां हाफिज बुलाकर पहले युवती का धर्म बदलवाया गया फिर निकाह करा दिया। युवती ने जब इसका विरोध किया तो जावेद नाम के युवक ने पहले उसकी पिटाई की। बाद में विभिन्न स्थलों पर ले जाकर खुद और तीन अन्य परिचितों के साथ मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया। अपहर्ता पीड़ित युवती को बीते 23 जून को करनैलगंज रेलवे स्टेशन पर छोड़कर फरार हो गए। घर पहुंच कर युवती ने परिजनों को आपबीती सुनाई। एसपी संतोष मिश्र के हस्तक्षेप पर परसपुर पुलिस ने युवती के पिता के तहरीर पर 30 जून को मुकदमा दर्ज किया था। इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया ग्राम सकरौर पठान पुरवा निवासी जावेद पुत्र तैज्जमुल, बहादुर पुत्र तफज्जुल उर्फ फज्जी, महमूद पुत्र खानू व इबरार के विरुद्ध मारपीट, गैंगरेप सहित कई संगीन धाराओं केस दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी मोहम्मद अहमद उर्फ बहादुर को गिरफ्तार किया गया है।

# चोरी की ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई

खरगूपुर। थाने पर चोरी की प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई तो पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाकर ई थाना पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मामला खरगूपुर विद्युत उपकेंद्र खरगूपुर का है। जहां कार्यरत विद्युत कर्मी विनोद कुमार ओझा और रंगीले की तीन मोबाइल व 20 हजार रुपये नकद दिन दहाड़े चोरी हो गए थे। पीड़ित का आरोप है 27 जून को शाम 4 बजे दोनों कर्मचारी सब स्टेशन के पीछे रखे ट्रांसफार्मर का फ्यूज जोड़ने गये थे। वापस आने पर सब स्टेशन में रखा लगभग 20 हजार कीमत की तीन मोबाइल सीयूजी नम्बर सहित चार सिम व 20 हजार रुपये नकद चोरी हो गया। पीड़ित विनोद कुमार ओझा ने बताया कि खरगूपुर थाने में चोरी की तहरीर दी लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

# दो बालिकाओं का अपहरण, केस दर्ज

परसपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव से 29 जून को घर से एक नाबालिग बालिका रहस्यमय ढंग गायब हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अगवा का केस दर्ज किया है। वहीं दूसरी घटना 24 जून की है, पिता ने दूसरे संप्रदाय के एक व्यक्ति पर आरोप लगाया है कि उसकी सोलह वर्षीय पुत्री घर से बाजार दवा लेने गई थी तभी एक व्यक्ति ने उसे गुमराह करके अगवा कर लिया। इंस्पेक्टर समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश व बालिकाओं के बरामदगी के लिए टीमें गठित की गई है।



रविवार को एसपी संतोष मिश्रा को स्मृति चिह्न भेंट करते पुलिस अधिकारी।

# निवर्तमान एसपी को दी भावभीनी विदाई

गोण्डा। जिले के निवर्तमान एसपी संतोष कुमार मिश्र को पुलिसकर्मियों ने रविवार को विदाई दी। उनका स्थानांतरण मिर्जापुर जिले के लिए हुआ है। पुलिस लाइन में शाम को आयोजित समारोह में पुलिसवालों ने बुके देने के साथ फूल माला से लाद दिया। इस मौके पर एएसपी शिवराज समेत जिले के तमाम पुलिसवाले मौजूद रहे।

# ट्रक विक्रय मामले में मुकदमा दर्ज

परसपुर। सौदेबाजी के बाद ट्रक न देने, दिए गए पैसे-चेक वापस मांगने पर टाल मटोल करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित ग्राम डेहरास उधौरा निवासी आशीष कुमार सिंह के तहरीर पर जिला सिद्धार्थ नगर ग्राम चनर गड्डी चिल्हिया निवासी नसीबुल्लाह पुत्र मोहम्मद हुसैन के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

पीड़ित का आरोप है फाइनेंसर की ट्रक का निर्धारित रूपये की सौदेबाजी हुई जिसपर उसने कुछ रूपए नगद व चेक दिए थे। शेष बकाया रूपये ट्रक आरटीओ कार्यालय से उसके नाम ट्रांसफर होने पर देने को कहा था। फाइनेंसर द्वारा चेक से भुगतान न लेने पर जब मामला पकड़ में आया तो उसने दिए हुए रुपए व चेक वापसी की मांग की।

# अवैध मादक पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। मनकापुर पुलिस ने क्षेत्र के बल्लीपुर हटवा निवासी सुमित्रानन्दन को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को मुखबिर की की सूचना पर पकड़ा गया है। उसके कब्जे के 300 नशीली गोलियां बरामद हुई हैं। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपित गिरफ्तार

**संसू, बेलसर (गोंडा)** : शौच के लिए गई किशोरी के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्ता कर लिया गया है। पीड़िता के पिता ने तहरीर में कहा कि शनिवार देर रात उसकी बेटी घर से शौच के लिए गई थी। जहां आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

# मारपीट के मामले में पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

आर्यनगर : कौड़िया के परसिया रानी गांव निवासी शिव व मुन्नू यादव को मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष मदन लाल गौतम ने कहा कि आरोपितों की गिरफ्तारी की गई है। (संसू)

# पुलिस कर्मियों ने स्थानांतरित एसपी का किया सम्मान

संसू, गोंडा: मीरजापुर के लिए स्थानांतरित पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र का रविवार को पुलिस कर्मियों ने सम्मान किया। साथ ही उनके कार्यकाल पर प्रकाश डाला।

पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसपी संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस कर्मियों को कर्तव्य पथ पर ईमानदारी से कार्य करने की सीख दी। कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के साथ ही अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करें। इससे पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ता है।

कार्यक्रम में एएसपी शिवराज ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सीओ संसार सिंह, संजय तलवार, मुन्ना उपाध्याय, नगर कोतवाल पंकज सिंह, पूनम यादव, राकेश सिंह मौजूद थे।



पुलिस लाइंस में आयोजित विदाई समारोह में एसपी संतोष कुमार मिश्र को सम्मानित करते पुलिस कर्मी ● जागरण

# थाने में सुनवाई न हुई तो ऑनलाइन दर्ज कराया केस

**खरगूपुर (गोंडा)।** थाने पर चोरी की प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई तो पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। इसके बाद थाना पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराया है। मामला विद्युत उपकेंद्र खरगूपुर का है। जहां कार्यरत विद्युत कर्मी विनोद कुमार ओझा एवं रंगीले के तीन मोबाइल फोन व 20 हजार रुपये दिन दहाड़े चोरी हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि 27 जून की शाम चार बजे दोनों कर्मचारी सब स्टेशन के पीछे रखे ट्रांसफार्मर का फ्यूज जोड़ने गए थे। वापस आने पर सब स्टेशन में रखा लगभग 20 हजार रुपये कीमत का तीन मोबाइल सीयूजी नंबर सहित व 20 हजार रुपये नकद चोरी हो गए। पीड़ित विनोद कुमार ओझा ने बताया कि खरगूपुर थाने में चोरी की घटना की तहरीर देने गए तो पुलिस ने मुकदमा न दर्ज करके थाने से वापस कर दिया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाई की मांग की। साथ ही शिकायत कर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। संवाद

# दो किशोरियों का अपहरण, केस दर्ज

परसपुर (गोंडा)। क्षेत्र के दो स्थानों से दो किशोरियों का अपहरण कर लिया गया। दोनों मामलों में परसपुर पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की है। परसपुर के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी के पिता ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी पुत्री दसवीं की छात्रा है। 29 जून की दोपहर वह संदिग्ध हालात में लापता हो गई। काफी तलाशने पर भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। दूसरी घटना में इसी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी के पिता ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी पुत्री 24 जून को दवा लेने गई थी। जहां से एक व्यक्ति उसे बहलाकर भगा ले गया। मामले में रोहित पाल निवासी ग्राम लालपत पुरवा, सीतापुर रोड बहराइच के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरियों की तलाश की जा रही है। संवाद

# 23 दिन बाद दर्ज की अधेड़ की गुमशुदगी

परसपुर (गोंडा)। 23 दिन से लापता अधेड़ के बेटे ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। ग्राम लोहंगपुर भगवानदीन पुरवा निवासी रमेश ने बताया कि उसके पिता चुनमुन (55) बीते 11 जून को घर से निकले थे, तभी से लापता हैं। इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है। संवाद

# ठगी के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा

**संवादसूत्र, बेलसर(गोंडा) :** कुवैत में नौकरी दिलाने के नाम पर 15 लोगों के साथ ठगी के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा किया गया है। इस मामले की जांच के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है।

तरबगंज के मुजेड गांव निवासी मुकेश सिंह ने एसपी व डीआइजी को शिकायती पत्र दिया था। कहा था आरोपितों से उसका ई- ब्लाक छह,यूनिट 24 द्वितीय तल निकट लक्ष्मी नारायण मंदिर कालिका जी दिल्ली में संपर्क हुआ। कुवैत की एक कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे व उसके 14 साथियों से 50-50 हजार रुपये लिए गए। इसके बाद मेडिकल कराने के लिए दिल्ली के एक सेंटर पर ले गए। तीन दिन बाद कार्यालय आकर 25 -25 हजार रुपये जमा करके पासपोर्ट ले जाने की बात कही गई।

एक जुलाई को लखनऊ से कुवैत के लिए हवाई जहाज का टिकट दे दिया। बाद में टिकट निरस्त होने का संदेश मिला। साथ ही आरोपितों के फोन बंद है। इससे परेशान ठगी के शिकार लोगों ने अधिकारियों से शिकायत की। इस पर कोतवाली नगर में रोहित, आसिफ खान,शमा निवासी अज्ञात व अयोध्या के सोहावल निवासी फूलचंद के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-07-2022

# अवैध शराब निर्माण पर लगाएं रोक: एसपी

## निर्देश

बलरामपुर, संवाददाता। थाने में खड़े माल लावारिस वाहनों का निस्तारण कराएं। अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण व परिवहन की बिक्री पर रोक लगाएं। यह बातें पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने थानाध्यक्षों के साथ बैठक में कही।

एसपी ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि थाने पर साफ-सफाई हमेशा रहनी चाहिए। आगंतुक रजिस्टर, माल खाना, भोजनालय सभी दुरुस्त होने चाहिए। मामले की विवेचनाओं को लंबित न रखें। समय में विवेचना पूर्ण करके न्यायालय भेजें। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने कहा कि जन शिकायतें किसी भी दशा में लंबित न रहे। आईजीआरएस प्रार्थना पत्र मिलने पर मौके पर जाकर मामले की जांच कर निस्तारित करें। आम जनता के साथ पुलिस अच्छा व्यवहार करे। मिशन जागरूकता अभियान के तहत गोष्ठी रैली अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें। क्षेत्राधिकारी राधा रमण सिंह ने कहा कि एंटी रोमियो टीम गठित की गई है।

टीम क्षेत्रों में भ्रमण करके मनचलों पर कार्रवाई करे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा, कुंवर प्रभाकर सिंह, उदय राज सिंह, थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे, विद्यासागर वर्मा, राज कुमार सरोज, प्रमोद कुमार सिंह, जयदीप दुबे, ओम प्रकाश चौहान, विनय कुमार यादव सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते पुलिस अधीक्षक

# महिलाओं को बताए उनके अधिकार

## जागरूकता

बलरामपुर, संवाददाता। ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं बिना डरे शिक्षा ग्रहण करने के लिए विद्यालय जाएं। पुलिस मनचलों के विरुद्ध अभियान चला रही है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। यह बातें रविवार को जागरूकता अभियान में सदर क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा ने कही। थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे के साथ सीओ वरुण मिश्र ग्राम सोनार में जागरूकता अभियान चला रहे थे।

उन्होंने कहा कि महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पीड़ितों के लिए वरदान साबित हो रही है। हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल कार्रवाई कर रही है। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने कहा कि सिविल ड्रेस में पुलिस तैनात की गई है। अगर किसी प्रकार की समस्या होती है तो महिलाएं व छात्राएं हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। मौके पर पहुंचकर पुलिस सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस आपातकालीन सेवा 112 की गाड़ी लगातार क्षेत्र में भ्रमण करती रहती है। सूचना मिलते ही वह मौके पर आसानी से पहुंच जाती हैं, जिससे पीड़ितों की मदद समय पर होती है।



रविवार को छात्राओं को प्रचार सामग्री देकर जानकारी देती महिला पुलिस

# बेहतरीन पुलिसिंग में गैंसड़ी कोतवाली जिले में अव्वल

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने में पुलिस की नित नवीन कार्यप्रणाली जनता को लुभा रही है। जनता का विश्वास जीतने में सफल रही गैंसड़ी कोतवाली पुलिस को जिले के 13 थानों में पहला स्थान मिला है। नगर पुलिस ने बेहतरीन पुलिसिंग के जरिए पब्लिक अप्रूवल रैंकिंग में 79.90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

-जिले के सभी थानों में जनता के साथ पुलिस के व्यवहार, शिकायतों के निस्तारण, आइजीआरएस, साइबर सेल, महिला डेस्क समेत विभिन्न पहलुओं को लेकर थाना व ट्विटर पर फीडबैक लिया गया है। इसमें गैंसड़ी कोतवाली को 400 में से सर्वाधिक 319.60 अंक मिले हैं। सादुल्लाहनगर पुलिस 304.97 अंक पाकर दूसरे व नगर कोतवाली 299.98 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। पचपेड़वा पुलिस ने 273.31 अंक के साथ चौथा, ललिया ने 270.55 अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

गौरा चौराहा ने 268.96, देहात कोतवाली ने 253.22, महराजगंज तराई थाना ने 249.79, जरवा कोतवाली ने 249.21 व उतरौला कोतवाली ने 248.12 अंकों के साथ टाप-10 में अपनी जगह बनाई। तुलसीपुर थाना 241.73 अंक के साथ 11वें, रेहराबाजार 224.58 अंक के साथ 12वें व हरैया थाना ने 210.37 प्रतिशत अंक के साथ 13वां स्थान प्राप्त किया।



गैंसड़ी कोतवाली का मुख्य गेट ● जागरण

**जनता के मतों के आधार पर तैयार की गई थानों की रैंकिंग, सादुल्लाहनगर दूसरे व नगर कोतवाली तीसरे स्थान पर**

**इस आधार पर हुआ मूल्यांकन :** पब्लिक अप्रूवल रैंकिंग में जनता के फीडबैक में आजीआरएस संतुष्टि को मुख्य आधार बनाया गया है। आइजीआरएस शिकायतों के निस्तारण को लेकर ट्विटर व डायरेक्ट पोल किए गए। इसके अलावा प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर मिले वोट के अंकों को जोड़कर पब्लिक अप्रूवल रैंकिंग तैयार की गई है।

**बधाई के पात्र हैं पुलिसकर्मी :** पुलिस अधीक्षक आरके सक्सेना ने कहा कि गैंसड़ी पुलिस बधाई की पात्र है। अन्य प्रभारी निरीक्षकों को भी सुधार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

# छुरियों से हमला कर युवक को मार डाला

## घुमनहवा गांव में **सनसनीखेज वारदात** तीन घायल और पांच हत्यारोपित गिरफ्तार

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** ललिया के घुमनहवा गांव में प्रधानी के चुनाव की रंजिश शनिवार की रात खूनी संघर्ष में बदल गई। प्रधान पति डाक्टर की दुकान पर बैठे गांव निवासी दिलबहार, इबरार अहमद, कैफ व बलदेवनगर निवासी खुर्शीद पर हमलावरों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया। चारों को जिला मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दिलबहार को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल खुर्शीद को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। इबरार व कैफ का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मृतक के पुत्र जैनुल आब्दीन की तहरीर पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपित जैद, अदनान, सुफियान, ताज व नूररुद्दीन को गिरफ्तार कर आलाकत्ल बरामद कर लिया है।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पकड़े गए आरोपितों के साथ पुलिस टीम व जानकारी देते एसपी राजेश कुमार सक्सेना ● फोटो पुलिस मीडिया सेल

जैनुल आब्दीन ने बताया कि दिलबहार, खुर्शीद, इबरार व मोहम्मद कैफ शनिवार रात मंगराकोहल चौराहा स्थित खान टेंट हाउस पर बैठे थे। अचानक एक बाइक पर सवार तीन लोग टेंट हाउस पर पहुंचे। उनके दो साथी पहले से वहां मौजूद थे।

बाइक रोकते ही पांचों जान से मारने की नीयत से उन पर छुरियों से हमला कर दिए। सभी ने दिलबहार पर ताबड़तोड़ कई वार किए। दिलबहार को बचाने आए इबरार, खुर्शीद व मोहम्मद कैफ पर भी विपक्षी कई वार किए। चारों को जख्मी कर आरोपित बाइक से फरार हो गए। परिवारजन ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दिलबहार की मौत हो गई। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने खुर्शीद को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इबरार व मोहम्मद कैफ का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मृतक के पुत्र ने बताया कि पुरानी रंजिश में यह हत्या अपने वर्चस्व को बचाने में की गई है।

### पांचों आरोपित गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि ललिया प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी की सक्रियता से पांचों आरोपितों को पकड़ लिया गया है। तलाशी के दौरान जैद के पास खून लगी छूरी और सिरताज के पास भी एक छुरी बरामद हुई है। घटना में इन्हीं छूरियों का इस्तेमाल किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक महेंद्र प्रसाद, हेड कांस्टेबल चंद्रशेखर, रवि प्रताप सिंह, कांस्टेबल नीरज कुमार, रोहित कुमार व बबलू कुमार शामिल रहे।

## एसपी ने जरवा कोतवाली का किया निरीक्षण

**बलरामपुर** : कानून व्यवस्था की टोह लेने के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने जरवा कोतवाली का निरीक्षण किया। एसपी ने मालखाना, हवालात, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, महिला हेल्प डेस्क एवं साफ-सफाई का जायजा लिया। ग्राम प्रहरियों की सहायता से क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार कनौजिया को दिए। (संसू)

## शांतिभंग में दो गिरफ्तार

**बलरामपुर** : नगर कोतवाली की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में मझौवा गांव निवासी मुकीम अहमद व शकील अहमद की गिरफ्तारी की है। (संसू)

# पुलिस ने महिलाओं को कराया शक्ति का अहसास

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** जिले के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो स्क्वाड एक्शन टीम ने मिशन शक्ति के तहत रविवार को सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्राओं व महिलाओं को किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के संबंध में व्यापक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य महिलाओं व लड़कियों को जागरूक कर उन्हें निडर बनाना है। साथ ही महिलाओं के प्रति हिंसा करने वाले लोगों की पहचान उजागर करना है। छात्राओं को वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, फायर ब्रिगेड 101, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 व थानों के प्रभारी निरीक्षकों के सीयूजी नंबरों के बारे में जानकारी दी गई।




बहराइच मार्ग पर महिलाओं को मिशन शक्ति की जानकारी देती नगर कोतवाली की महिला आरक्षी ● जागरण

# दो मोटरसाइकिल संग अभियुक्त गिरफ्तार

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** सादुल्लाहनगर थाना की पुलिस ने चोरी की दो बाइकों के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त की पहचान सादुल्लानगर निवासी शिवशंकर के रूप में हुई है।

एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सादुल्लानगर प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने मथुरा मोड़ के पास शिवशंकर को पकड़ लिया। उसके पास चोरी की दो बाइकें पंजीकरण संख्या यूपी 47 वाई 7436 व यूपी 47 एन 7207 बरामद हुई हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय, अब्दुल कादिर खान, कांस्टेबल धर्मेंद्र मिश्र, सुनील सिंह व रमेश कुमार शामिल रहे।



सादुल्लाहनगर थाने में बाइक के साथ पकड़ा गया आरोपित व पुलिस टीम ● जागरण

# अपराध बढ़ने पर प्रभारी निरीक्षक होंगे जिम्मेदार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** जिस थाना क्षेत्र में अपराध बढ़ेगा, वहां के प्रभारी निरीक्षक जिम्मेदार होंगे। अपराधियों पर शिकंजा कसने में कोई कोताही न बरतें। शासन व पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करें। भू-माफियाओं को चिह्नित कर जमीनों को अवैध कब्जों को मुक्त कराएं। यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर भी कार्रवाई की जाएगी। ये बातें एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार के अपराध गोष्ठी की बैठक में सीओ व प्रभारी निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहीं।

कोतवाली व थानों के मालखाना रजिस्टर चेक करके लावारिस वाहनों का निस्तारण कराने और साफ-सफाई का सुझाव दिया। कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन व बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ ही वारदातों का शीघ्र खुलासा करने का निर्देश दिया। रात्रि गश्त बढ़ाने, बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

## ग्राम प्रहरियों की लें मदद, सक्रिय अपराधियों पर रखें नजर : एसपी

**बलरामपुर।** भारत नेपाल सीमा के पास स्थित जरवा कोतवाली सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से काफी संवेदनशील है। यहां तैनात सभी पुलिस कर्मी चैतन्य होकर निर्भीकता के साथ ड्यूटी करें। रविवार को ये बातें एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने सीओ कुंवर प्रभात सिंह के साथ जरवा कोतवाली का औचक निरीक्षण करते हुए कही। कहा कि ग्राम प्रहरियों की मदद से सक्रिय अपराधियों पर कड़ी नजर रखें और उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करें। ग्राम प्रहरि छोटी-छोटी घटनाओं के संबंध में लाभप्रद सूचनाएं मुहैया करा सकते हैं। रिक्रूट आरक्षियों को एसपी ने व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया। एसपी ने कोतवाली के मालखाना, हवालात, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, सीसीटीएनएस कार्यालय व महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई का भी जायजा लिया। विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित विवेचनाओं के निस्तारण व उनके प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिया। (संवाद)

# छह थानों में नये प्रभारी तैनात

**बलरामपुर।** जिले की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने के लिए एसपी ने 16 में छह थानों में नए प्रभारियों को तैनाती दी है।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि हरैया के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह को थाना सादुल्लाहनगर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। देहात कोतवाल विद्यासागर वर्मा को क्राइम ब्रांच में तैनाती दी गई है।

प्रभारी निरीक्षक थाना रेहरा बाजार जयदीप दूबे को एएचटी यूनिट का प्रभारी बनाया गया है। सादुल्लाहनगर के प्रभारी निरीक्षक रहे राजकुमार सरोज को देहात कोतवाली की कमान दी गई है। एसपी के वाचक ओपी चौहान को रेहरा बाजार का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। पुलिस लाइन में रहे विमलेश कुमार सिंह को एसपी का नया वाचक बनाया गया है। नगर कोतवाली के एसएसआई विनय कुमार यादव को गौरा थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। पुलिस लाइन में गिरीश चंद को एसएसआई नगर कोतवाली, पुलिस चौकी कस्बा उतरौला के प्रभारी रहे अखिलेश कुमार पांडेय को हरैया थाने का प्रभारी बनाया गया है। सर्विलांस सेल के प्रभारी गुरुसेन सिंह को उतरौला कस्बा चौकी का प्रभारी बनाया गया है। नगर कोतवाली के उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार उपाध्याय को सर्विलांस सेल का प्रभारी बनाया गया है। एएचटी यूनिट में तैनात ममता सिंह को महिला थाना प्रभारी बनाया गया है। महिला थाना प्रभारी नीलोफर बानो को एएचटी यूनिट में तैनाती दी गई है। संवाद

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-07-2022

# पत्नी का मुंडवाया सिर तीन लोगों पर मुकदमा

**संसू, बौंडी :** क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पति व अन्य ससुरालीजन पर दहेज उत्पीड़न व सिर मुंडवाने का आरोप लगाया है।

महिला का कहना है कि उसकी शादी आठ वर्ष पूर्व हुई थी। उसका पति दहेज में बाइक की मांग कर रहा था। महिला ने बताया कि विरोध करने पर पति, सास व ससुर ने उसे अपशब्द कहे। उसे मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। पति ने उसका सिर मुंडवा दिया। थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने बताया कि महिला की तहरीर पर उसके पति मुकेश, ससुर देवीदीन व सास सुधारानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विशेष लोक अदालत में 39 मामलों का निस्तारण

**जासं, बहराइच :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिलाजज उत्कर्ष चतुर्वेदी की अध्यक्षता तथा नोडल अधिकारी सुरजन सिंह के मार्गदर्शन में रविवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें 39 मामलों का निस्तारण हुआ। जिला जज ने विशेष लोक अदालत का शुभारंभ किया। प्राधिकरण की सचिव शिखा यादव ने बताया कि विशेष लोक अदालत में कुल 39 आरबीट्रेशन मामलों का सुलह-समझौते से निस्तारण किया गया। जिला जज ने 11 मामलों, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ने दो, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) इंद्र प्रकाश ने पांच, नोडल अधिकारी ने पांच, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट वरुण मोहित निगम ने तीन, चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमके मिश्र ने आठ तथा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी प्रथम नितिन पांडेय ने पांच मामलों का निस्तारण किया।

# अभियान में एकत्र हुई तीन क्विंटल पालीथिन



विधायक अनुपमा जायसवाल के नेतृत्व में पालीथिन एकत्र करते पालिका कर्मी ● जागरण

**जासं, बहराइच :** स्वच्छ बहराइच-सुंदर बहराइच मुहिम को आगे बढ़ाते हुए विधायक अनुपमा जायसवाल ने गुलामअलीपुरा वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया। नालियों की सफाई, सड़कों पर लगे कूड़े के ढेर हटवाए।

रामघाट मंदिर पर मुहल्ले वासियों के साथ स्वच्छता कमेटी का गठन कराया। विधायक ने कहा कि नगर को स्वच्छ रखने की मुहिम में आगे बढ़कर सभी लोग सहयोग करें, जिससे शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके। इस मौके पर राजीव गुप्त, श्यामसुंदर, मनोज गुप्त, देवदत्त, दुर्गेश पांडेय, आकर्ष जायसवाल, सूर्य प्रताप सिंह रहे। नगरपालिका की ओर से चलाए जा रहे पांच दिवसीय रेस अभियान का समापन रविवार को हुआ।

अधिशाषी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पांच दिनों में तीन क्विंटल पालीथिन एकत्र की गई है। डीपीएम गौतम मिश्र, डीसी लोकेश कुमार, सफाई निरीक्षक सुरेश गोविंद, खाद्य निरीक्षक अवनीश दूबे मौजूद रहे।

# विशेष लोक अदालत में 39 वादों का निस्तारण

## दीवानी न्यायालय परिसर में लगी विशेष लोक अदालत

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को दीवानी न्यायायल के परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोक आदालत के न्यायाधीशों की ओर से आर्बिट्रेशन (वसूली) के 39 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देश पर प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी की अध्यक्षता व लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला व सत्र न्यायाधीश तृतीय सुरजन सिंह की देखरेख में रविवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ जनपद न्यायाधीश चतुर्वेदी ने दीप प्रज्ज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।




दीवानी न्यायालय में विशेष लोक अदालत में दीप प्रज्जवलित करते जिला जज। -संवाद

इस मौके पर प्राधिकरण की सचिव शिखा यादव ने बताया कि लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश चतुर्वेदी द्वारा 11 वाद, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ने 02, विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट इंद्र प्रकाश ने 05, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश व नोडल अधिकारी सुरजन सिंह ने 05 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया। वहीं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट वरुण मोहित निगम ने 03, चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट मनोज कुमार मिश्रा ने 08 और अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम नितिन पांडेय ने 05 आर्बिट्रेशन के वादों का निस्तारण कराया। सचिव शिखा ने बताया कि लोक अदालत में कुल 39 वादों का निस्तारण किया गया।

---

सतर्कता — साइबर ठग नये तरीके से दे रहे घटनाओं को अंजाम, भरोसा जीतने के बाद क्यूआर कोड भेजते, स्कैन करते ही खाली हो जाता खाता

## सावधान! मत बनिए जीजा, वरना खाली हो जाएगा आपका अकाउंट

**केस-1**

[illegible]

**केस-2**

[illegible]

राहुल यादव

[illegible]

### मिलते जुलते नाम का लेते सहारा

[illegible]

### 1930 पर तत्काल दर्ज कराएं शिकायत

[illegible]

### जागरूकता के लिए चलाया जा रहा अभियान



[illegible] –केशव चौधरी, एसपी बहराइच

# खून की तस्करी में निजी नर्सिंग होम व ब्लड बैंक रडार पर

## लखनऊ में गिरफ्तार तस्कर से मिले अहम राज, खुलासे से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** लखनऊ में गिरफ्तार तस्करों ने रिसिया स्थित हसन ब्लड बैंक में अवैध तरीके से खून की आपूर्ति करने की बात स्वीकार की थी। इस खबर को अमर उजाला ने 3 जुलाई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया है। खून की तस्करी में जनपद का नाम आने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस मामले में जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा न सिर्फ हसन ब्लड बैंक बल्कि अन्य नर्सिंग होम की भी जांच कर कार्रवाई की योजना तैयार की जा रही है। नर्सिंग होम की जांच के दौरान रक्त की आपूर्ति के साथ ही अन्य अनियमितताओं की भी जांच की जाएगी। ऐसे में नर्सिंग होम संचालक भी अब स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के रडार पर आ गए हैं।

जिले में अभी तक विभिन्न नर्सिंग होम में भर्ती मरीजों को खून की आवश्यकता पड़ने पर जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक से ही खून दिया जाता था। किसी ग्रुप का खून मौके पर न मिलने से मरीजों को खासी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता था। ऐसे में रिसिया स्थित हसन अस्पताल में ब्लड बैंक खुलने से लोगों को आवश्यकता पड़ने पर आसानी से खून मिलने की संभावना जगी थी, लेकिन यह ब्लड बैंक अब सवालों के घेरे में आ गया है।

बीते गुरुवार को लखनऊ में एसटीएफ की टीम ने खून की आपूर्ति करने वाले तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास भारी मात्रा में तस्करी कर लाया गया रक्त बरामद किया है। एसटीएफ की पूछताछ के दौरान तस्करों ने विभिन्न स्थानों के साथ ही जनपद बहराइच अंतर्गत रिसिया स्थित हसन ब्लड बैंक में भी तस्करी कर लाया गया खून आपूर्ति करने की बात स्वीकार की थी। ऐसे में अब हसन ब्लड बैंक भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ ही एसटीएफ के निशाने पर आ गया है। हालांकि जिले में हसन ब्लड बैंक के अलावा अन्य किसी निजी अस्पताल या नर्सिंग होम के पास खून एकत्र करने का लाइसेंस नहीं है, लेकिन अब कई नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के निशाने पर आ गए हैं। ऐसे में शीघ्र ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह पता करने का प्रयास किया जाएगा कि हसन ब्लड बैंक से किन-किन निजी अस्पतालों को खून की आपूर्ति की जा रही थी।

### शीघ्र की जाएगी जांच

हसन ब्लड बैंक में तस्करों द्वारा अवैध रूप से खून की आपूर्ति किए जाने की सूचना मिली है। शीघ्र ही अस्पताल की जांच कर सभी अभिलेख खंगाले जाएंगे। इसके साथ ही इस अस्पताल से किन-किन नर्सिंग होम में खून की आपूर्ति की जा रही है समेत विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जाएगी।

**–राजू प्रसाद,** औषधि निरीक्षक

### दोषी मिलने पर होगी कड़ी कार्रवाई

हसन ब्लड बैंक समेत अन्य नर्सिंग होम की भी जांच कराई जाएगी। जो भी निजी अस्पताल या नर्सिंग होम अवैध रूप से खून संकलन अथवा आपूर्ति में लिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जएगी। इसके साथ ही नर्सिंग होम में अन्य अनियमितताओं की भी जांच की जाएगी।

**–डॉ. अजीत चंद्रा,** एसीएमओ।

# जुलाई के तीन दिन, महिलाओं का चैन गया छिन

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। महिलाओं के लिए जुलाई माह का पहला सप्ताह सुरक्षित नहीं चल रहा है। बीते तीन दिन में महिलाओं पर आक्रमण को लेकर अलग-अलग थानों में दस से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी केशव चौधरी ने सभी मामलों में जांच कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**शिक्षिका ने प्रधान के पिता पर लगाया अभद्रता का आरोप :** पयागपुर थाना क्षेत्र के मनकटा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षिका ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है कि गांव के ग्राम प्रधान के पिता मनकाऊ अक्सर विद्यालय में आकर अभद्रता करते हैं और एमडीएम को बनाने को अपनी मनमानी करते हैं।

वह चाहते हैं कि विद्यालय में उनकी मनमानी से एमडीएम बने। कई बार समझाने का प्रयास किया गया तो वह गाली गलौज व अभद्रता पर आमादा हो जाते हैं। बीते एक जुलाई को वह आकर विद्यालय का सिलेंडर अपना बताते हुए उठा ले गए। शिक्षिका ने सरकारी कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

**अलग-अलग थानों में दर्ज हुए मुकदमे एसपी ने सभी मामलों में जांच कर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश**

## रुपये देने के बहाने छेड़छाड़ का प्रयास

पयागपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसके पति बाहर कमाते हैं। पति के कमाने से घर का खर्च चलता है। वह अपनी सास के साथ यहां रहती है। वह अपना खेत गांव के ही शिवनाथ व परदेशी को बटाई पर दे रखा है। महिला का आरोप है कि वह पैसा देने के बहाने आए और अकेला देखकर घर में घुस गए और दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। चीख-पुकार मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो वह सब भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (संवाद)

**लड़की को उठा ले जाने की धमकी**

मुर्तिहा। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सांगुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि सिफ्ती लगातार फोन कर रहा था। फोन उठाने पर वह भद्दी-भद्दी गालियां दे रहा था। वह जबरदस्ती बात करने के लिए कह रहा था। जब विरोध किया तो पहले धमकी दी। उसके बाद लड़की को उठा ले जाने की धमकी दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (संवाद)

## दबंगों की पिटाई से महिला का गर्भपात

खैरीघाट (बहराइच)। थाना क्षेत्र के रामपुर धौंकियाहार निवासिनी एक महिला की दबंगों ने रास्ते के विवाद में पिटाई कर दी। महिला गर्भवती थी। पिटाई के कारण महिला का गर्भपात हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच**

नवजात शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रामपुर धौंकियाहार निवासी राकेश कुमार की पत्नी शिवानी गुप्ता का रास्ते को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हो गया। जिस पर उन लोगों ने शिवानी की पिटाई कर दी। वह पांच माह की गर्भवती थी। पेट में चोट लगने के कारण उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने शिवानी देवी रेशमा व चंदन के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। खैरीघाट थानाध्यक्ष विशिख कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर नवजात शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

## पत्नी को गंजा कर नाक काटने का प्रयास

संवाद न्यूज एजेंसी

महसी (बहराइच)। हेमनापुर गांव में पति ने अपनी पत्नी के साथ हैवानियत की हदें पार कर दीं। बाइक की मांग पूरी न होने पर पति ने पत्नी को पहले जमकर पीटा। उसके बाद उसे जबरन गंजा कर दिया। इतने पर भी पेट नहीं भरा तो नाक काटने का प्रयास किया। पत्नी ने भागकर अपने आपको सुरक्षित किया और घटना की जानकारी मायके वालों को दी। सूचना पर पहुंचे पिता ने बेटी के साथ थाने पहुंचकर पूरी व्यथा सुनाई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बौंडी थाना क्षेत्र के हेमनापुर गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह आठ साल पहले हुआ है। दोनों के बीच चार बच्चे हैं। महिला का आरोप है कि पति उससे मायके से बाइक लाने की मांग करता है। मांग पूरी न होने पर काफी प्रताड़ित करता है। शनिवार की शाम भी को इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। आरोप है कि पति ने पत्नी को जमकर मारा पीटा। जब महिला ने विरोध किया तो वह और आग बबूला हो गया और पकड़कर जबरदस्ती उसे गंजा कर दिया।

महिला का आरोप है कि पति यहीं नहीं रुका। वह नाक काटने के लिए भी दौड़ा और हमला किया, लेकिन किसी तरह से बचकर वहां से भागकर अपनी जान बचाई। उसके बाद पूरी घटना की जानकारी पिता को दी। सूचना के कुछ घंटे बाद पिता पहुंचे और बेटी को लेकर थाने गए। थानाध्यक्ष को पूरी व्यथा सुनाई। थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने पीड़िता की तहरीर पर पति मुकेश समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जब लगा नहीं बचूंगी, तब थाने आई

पीड़िता ने बताया कि मायके से बाइक लाने की बात को लेकर ससुराल वाले कई महीने से प्रताड़ित करते चले आ रहे हैं। हम डर कर मार खाकर चुप रहते थे। पीड़िता ने बताया कि इस बार ऐसा लगा कि कोई कदम नहीं उठाया तो बचूंगी नहीं। इसलिए अपने पिता को सूचना देकर बुलाया और थाने में मुकदमा दर्ज कराने आई हूं। वह जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

### मुकदमा दर्ज कर की जा रही जांच

“महिला को गंजा करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की तहरीर पर पति मुकेश, ससुर टेकीटीन व बड़की के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-गणनाथ प्रसाद, बौंडी थानाध्यक्ष

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-07-2022

# परिवार परामर्श केन्द्र से मजबूत हो रही पति-पत्नी के रिश्तों की डोर

## अविश्वास की खाई पाटकर अब तक 800 से अधिक रिश्तों को टूटने से बचाया

- साल 2019 में हुई थी परिवार परामर्श केन्द्र की शुरुआत
- परामर्श केन्द्र में दोनों को समझा कर सुलझाये जाते हैं विवाद

**894** दाम्पत्य रिश्तों को टूटने से महिला पुलिस ने बचाया

**351** रिश्तों को बचाकर 2019 में बनाया रिकार्ड

### पहल

श्रावस्ती, दिलीप पाठक। कानून का पालन कराने के लिए सख्ती दिखाने वाली पुलिस रिश्तों को बचाने के लिए खुद में नरम व्यवहार ले आती है। न्यायालय पर लगातार बढ़ रहे मुकदमो के बोझ व आपसी मनमुटाव से उभरे विवाद में टूट रहे रिश्तों को बचाने के लिए पुलिस की पहल सार्थक दिख रही है। साढ़े तीन साल में पुलिस की पहल ने सुलह-समझौते के आधार पर 894 परिवारों को टूटने से बचाकर रिश्तों की डोर को मजबूत किया है।

अक्सर पति-पत्नी के बीच होने वाला मामूली विवाद मध्यस्थता के अभाव में बड़ा रूप ले लेता है। वहीं मामला न्यायालय पहुंचने पर दम्पतियों का रिश्ता फइलों व तारीखों में उलझ जाता है। मामला हल होते-होते दंपति की उम्र गुजर जाती है। इस दौरान कुछ रिश्ते तो सुलह समझौते से बच जाते हैं वहीं बहुत से रिश्ते टूटते हैं और परिवार बिखर जाता है। इन रिश्तों को बचाने के लिए जिले में वर्ष 2019 में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की शुरुआत की गई। विवादों की सुनवाई के लिए टीम गठित की गई। इसमें पुलिस विभाग के अलावा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को भी जोड़ा गया। एक सप्ताह में थानों पर आने वाली पारिवारिक विवाद से संबंधित शिकायतों को इकट्ठा कर परिवार परामर्श केंद्र में सुनवाई शुरू की गई। जिसमें पति-पत्नी को समझा-बुझाकर परिवार के लोगों को मामला हल न होने पर कानूनी प्रक्रियाओं व लंबी लड़ाई के बारे में बताया जाने लगा। साथ ही रिश्तों की डोर को टूटने से बचाने के लिए स्वाभिमान को दांव पर न लगाने की अपील की जाने लगी। इससे सार्थक परिणाम भी नजर आने लगे। जिसका नतीजा रहा कि बीते साढ़े तीन में 894 रिश्तों को टूटने से बचाया जा सका है।



समझौते के बाद परिवार परामर्श केंद्र में महिला पुलिस के साथ दम्पति।

### विवादों के आंकड़े

| वर्ष | सुलझे विवाद |
|---|---|
| 2019 | 351 |
| 2020 | 240 |
| 2021 | 207 |
| 2022 (अब तक) | 094 |
| कुल | 894 |

### पहले रविवार को और अब शनिवार को होती है परिवार परामर्श केंद्र की बैठक

पुलिस लाइन के एएचटीयू कार्यालय में परिवार परामर्श केन्द्र संचालित हो रहा है। जब परिवार परामर्श केन्द्र शुरुआत की गई थी तो हर सप्ताह के रविवार को परमर्श केन्द्र की बैठक आयोजित की जाती थी। लेकिन अब बैठक का दिन बदलकर रविवार के बजाय शनिवार कर दिया गया। अब शनिवार को पारिवारिक विवादों की सुनवाई होती है। जिसमें पुलिस विभाग के साथ ही टीम में शामिल सामाजिक संगठनों के सदस्य दम्पतियों की बातों को सुनते और उनमें मनमुटाव दूर कर उन्हें एक करने की पहल करते हैं।

# 50 वाहनों का चालान काटा गया

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 50 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया।

# कानून की जानकारी लेकर सशक्त हो रहीं महिलाएं

**जासं, श्रावस्ती :** शक्ति मोबाइल टीम व नारी सुरक्षा दल ने रविवार को विभिन्न गांव व कस्बों में चौपाल लगाई। महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा का एहसास कराते हुए कानूनों व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। जागरूकता पंफलेट भी वितरित किए। गिलौला क्षेत्र लोधनपुरवा, चंद्रावा, मैदाचक गांव में महिला आरक्षी संज्ञा भारती, सोनी देवी ने चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न नियमों के बारे में बताया। इसी प्रकार भिनगा कोतवाली, श्रावस्ती, गिलौला, सोनवा, सिरसिया, मल्हीपुर, इकौना व महिला थाने की नारी सुरक्षा दल ने गांव व कस्बों में चौपाल लगाकर जागरूकता पंफलेट व पोस्टर बांटे।

# जनता दर्शन में आईं 13 शिकायतें

**श्रावस्ती :** एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से छह भूमि विवाद, दो पारिवारिक विवाद व पांच अन्य विवाद से संबंधित थे। प्राप्त शिकायतों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। (वि.)

# 50 वाहनों का चालान

श्रावस्ती : जिले की पुलिस की ओर से एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर पुलिस ने 50 वाहनों का ई-चालान किया। इस दौरान समन शुल्क के रूप में 72000 रुपये वसूले गए। (वि.)

# दो वारंटी गिरफ्तार

**श्रावस्ती** : श्रावस्ती पुलिस टीम ने रविवार को बगही के लपोखी निवासी वारंटी नंदलाल व गोपालपुर निवासी कनकन गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को न्यायालय पर पेश किया गया है। (वि.)

# 50 वाहनों का किया ई-चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने रविवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न चेकपोस्टों पर जांच कर 50 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 72000 रुपए शमन शुल्क वसूल किया। (संवाद)

# शांतिभंग के आरोप में पांच धरे

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शनिवार रात अभियान चला कर पांच लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

# कोई परेशान करे तो टोल फ्री नंबर पर बताएं

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** महिलाओं को सदैव अहसास होना चाहिए कि वह आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। यदि कोई आपको परेशान करे तो घबराएं नहीं। बल्कि ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दें। शिकायत करने वालों का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा। रविवार को महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल की ओर से विभिन्न स्थानों पर आयोजित चौपाल के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया।



गिलौला के चंद्रावां गांव में महिलाओं व युवतियों को जागरूक करतीं महिला आरक्षी। -संवाद

गिलौला के लोधनपुरवा व मैदाचक गांव में आयोजित चौपाल में महिला आरक्षी संज्ञा भारती ने महिलाओं व युवतियों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। वहीं, महिला आरक्षी अर्जिता यादव व सोनी ने चंद्रावा गांव में महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पॉवर लाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान नारी सुरक्षा दल में शामिल महिला पुलिस कर्मियों ने बालिकाओं व ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं तथा बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान व सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में जानकारी दिया। टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया।

# वांछित गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने शनिवार रात मुखबिर की सूचना पर रामपुर ककरा चौराहे से एक वांछित को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार कोयले उर्फ मेराज निवासी नबीनगर दहेज हत्या के मामले में वांछित था। जिसके विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# दो वारंटी दबोचे

**इकौना (श्रावस्ती)।** नवीन मॉडर्न थाना पुलिस ने शनिवार रात दो वांछितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार नंदलाल पुत्र दर्शन निवासी लपोखी पुरवा व कनकन पुत्र मुन्नूलाल निवासी गोपालपुर के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)